हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 27, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 25 जुलाई, 2023 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

## भारत के कंकड़-कंकड़ में भगवान शंकर विराजमान

### श्री शिव महापुराण कथा के समापन पर बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वृहत्तर भारत में उत्तर से दक्षिण तथा पूरब से पश्चिम तक श्रद्धालुओं को द्वादश ज्योतिर्लिंगों के माध्यम से अलौकिक कृपा का प्रसाद आदिकाल से प्राप्त होता रहा है। भारतीय मनीषा के माध्यम से हम कंकड़-कंकड़ में भगवान शंकर के दर्शन करते हैं। शिव की आराधना से हमें स्वयं के साथ दूसरों के कल्याण की प्रेरणा मिलती है।



सीएम योगी सोमवार को गोरखनाथ मंदिर के अंधियारी बाग स्थित मानसरोवर मंदिर में आयोजित सप्त दिवसीय (18 से 24 जुलाई) श्री शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर व्यासपीठ के समक्ष अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। व्यासपीठ की पूजा करने के बाद उन्होंने कहा कि पावन श्रावण मास के शुक्ल पक्ष में देवाधिदेव महादेव भगवान शिव की कथा का आनंद प्राप्त होना सौभाग्य है। कहा कि वृहत्तर भारत में कैलाश से रामेश्वरम तक, पूरब में वैद्यनाथ धाम से लेकर पश्चिम में सोमनाथ धाम तक भगवान भोलेनाथ के पवित्र स्थल प्राचीन काल से आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक एकता के जागरण के केंद्र रहे हैं। श्रद्धालु नदियों व तीर्थों से शिला लाकर शंकर के रूप में पूजते हैं और आत्मिक संतुष्टि प्राप्त करते हैं। शिवालय और ज्योतिर्लिंग सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिव का अर्थ ही है कल्याण। जिसमें कपट न हो, प्रपंच न हो, साधना में लीन होकर जो स्वयं व समाज के लिए कल्याणकारी हो, वही शिव का उपासक है। दूसरे के कष्टों को अपने ऊपर ले लेना, दूसरों को अमृत देकर स्वयं विषपान कर लेना ही शिवत्व है। इसलिए स्वयं के कल्याण के साथ दूसरों का कल्याण करना ही वास्तविक शिव पूजन होगा। सीएम योगी ने कहा कि हम जिसकी पूजा करते हैं, उसके अनुरूप बनने का प्रयास करते हैं। भगवान शिव की पूजा में जाति, क्षेत्र, लिंग का भेद नहीं होता है। मनुष्य के साथ ही मनुष्येतर जीवों यथा देव, किन्नर, यक्ष, गंधर्व, भूत पिशाच को भी भोलेनाथ का सानिध्य प्राप्त होता था। हम जिस भाव से पूजा करेंगे, उसी के अनुसार कृपा भी प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव की उपासना का विशिष्ट अवसर कांवड़ यात्रा सांस्कृतिक व सामाजिक एकता का अप्रतिम उदाहरण है। इसमें हर तबके के युवा, महिला व पुरुष भक्ति में लीन दिखते हैं, श्रद्धा के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। यह ईश्वरीय भक्ति का चमत्कारिक रूप है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों से धर्मस्थलों, सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण की अपील की। मानसरोवर मंदिर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 10-11 वर्ष पूर्व यह मंदिर जर्जर और अव्यवस्थित था। समाज की चेतना जागृत हुई और गोरखपुर के श्रद्धालुओं ने संरक्षण का बीड़ा उठाया तो इसका कायाकल्प हो गया।

कहा कि हर धर्मस्थल, सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति को सुंदर रखना सबका कर्तव्य होना चाहिए। यदि किसी सार्वजनिक संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचाता है तो वह धरती माता, अपनी विरासत व पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता का भाव ईमानदारी से व्यक्त नहीं कर सकता। इसलिए इन स्थलों को न खुद नुकसान पहुंचाएं और न किसी को नुकसान पहुंचाने दें। सीएम योगी ने कथाव्यास संत बालकदास एवं सभी यजमानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए देवाधिदेव महादेव से सभी लोगों के सुखमय व समृद्धमय जीवन की प्रार्थना की।

### लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मायावती को झटका, दो बड़े नेता भाजपा में हुए शामिल

आगरा। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा दूसरे दलों को तोड़ने में जुट गई है। इसके तहत सपा, बसपा और कांग्रेस के नेताओं को पार्टी ज्वाइन कराई जा रही है। आगरा में दक्षिण विधानसभा से बसपा की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले रवि भारद्वाज और बसपा से खेरागढ़ से चुनाव लड़ने वाले गंगाधर कुशवाहा ने लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस खबर के मिलते ही बसपा के खेमे में हलचल मची हुई है। भाजपा ने 2024 की तैयारियां तेज कर दी हैं। ऐसे में हर दल में सेंध लगाई जा रही है। बडे. से लेकर छोटे नेताओं को भाजपा में शामिल कराया जा रहा है। सोमवार को लखनऊ में भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव मौर्य ने बसपा के रवि भारद्वाज और गंगाधर कुशवाहा को पार्टी ज्वाइन कराई। बता दें कि 2022 में दक्षिण विधानसभा सीट से रवि भारद्वाज ने बसपा की टिकट पर चुनाव लड़ा था। वो यहां पर भाजपा के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के खिलाफ चुनाव मैदान में थे। वहीं, खेरागढ़ से चुनाव लड़ने वाले गंगाधर कुशवाह ने भी हाथी से उतर कर भाजपा का दामन थाम लिया है। गंगाधर कुशवाहा बसपा में लंबे समय से सक्रिय थे।

## शिवमय हुए यूपी के मंदिर: भक्तों की लगीं कतारें, हेलीकॉप्टर से बरसाए गए फूल

लखनऊ। यूपी के शिव मंदिर में सोमवार को लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। सुबह पांच बजे से ही भक्त मंदिरों की कतारों में लग गए। भस्म आरती के साथ मंदिरों में दर्शन की शुरूआत हुई। हम आपको अलग-अलग जिलों के शिव मंदिरों के दर्शन करवा रहे हैं। बाराबंकी के महाभारत कालीन शिवलिंग भगवान लोधेश्वर की धरती महादेवा में सावन के तीसरे सोमवार के मौके पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा है। भोर पांच बजे तक यहां करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे।



सुबह करीब पौने आठ बजे हेलीकॉप्टर ने महादेवा पहुंचकर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की तो अद्भुत नजारा सामने था। इस दौरान बम बम भोले से महादेवा का आसमान गूंज पड़ा। हेलीकॉप्टर ने महादेवा के आसमान में चार बार चक्कर लगाते हुए गेंदा और गुलाब के फूल बरसाए। सोमवार सुबह करीब 7:45 बजे सरकार द्वारा भेजे गए हेलीकॉप्टर ने महादेवा पहुंचकर शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा की। जिस समय पुष्पवर्षा हो रही थी उस समय नीचे मौजूद श्रद्धालु जयघोष करने में लगे थे। बरसते फूलों के बीच नाचते झूमते श्रद्धालु शिवभक्ति में लीन हो गए। अमेठी, सावन मास में सोमवार को शिवालय हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। सुबह से ही भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे। सावन और अधिमास माह में भगवान भोलेनाथ की आराधना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवभक्त प्रसिद्ध शिवालयों में पहुंच कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं।

ताला स्थित मुकुट नाथ धाम, जागेश्वर धाम, श्रीमत स्वामी परमहंस आश्रम टीकरमाफी स्थित नर्वदेश्वर नाथ धाम, कालिकन धाम, देवीपाटन धाम, दुखहरण धाम, महादेवन समेत विभिन्न शिवालयों में भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। सावन के सोमवार के मौके पर शिवभक्त सरयू स्नान कर भगवान राम के पुत्र कुश के द्वारा स्थापित नागेश्वरनाथ में कर रहे हैं जलाभिषेक। 20 साल बाद अद्भुत संयोग मिल रहा सावन में। सुबह से भक्तों की लंबी-लंबी कतारें यहां देखने को मिलीं। बहराइच, शहर के अति प्राचीन पांडव कालीन श्री सिद्धनाथ मंदिर, नवाबगंज के मंगली नाथ मंदिर, मटेरा के जंगली बाबा मंदिर, रामपुर धोबिया हार स्थित बुढऊ बाबा मंदिर, पयागपुर के बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर सहित जिले के शिव मंदिरों में जलाभिषेक का सिलसिला जारी है। नदियों के घाटों से पवित्र जल भरकर हर हर महादेव बोल बम के उद्घोष के साथ कांवरिया मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। सुबह दस बजे तक सैकड़ों कांवड़िया जलाभिषेक कर चुके हैं । दूसरी ओर मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भी लंबी कतार लगी हुई है।

## संसद में हंगामा शांत करने के लिए एक्शन में सरकार, प्रल्हाद जोशी और मेघवाल ने विपक्षी नेताओं से की मुलाकात

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के बीच दोनों सदनों में मणिपुर हिंसा मामले पर हंगामा मचा है। सरकार और विपक्ष के इस गतिरोध को खत्म करने के लिए केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी और अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्षी नेताओं से मुलाकात की है। उधर, राज्यसभा के सभापति सदन के कामकाज को लेकर सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई हैं।



दूसरी ओर, आज विपक्ष के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस के सांसदों ने मणिपुर में जातीय हिंसा पर "सरकार की चुप्पी" के खिलाफ सोमवार को संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की अपनी मांग दोहराई। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने विरोध स्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वे राज्यसभा और लोकसभा दोनों अध्यक्षों से अनुरोध कर रहे हैं कि वे मोदी से आग्रह करें कि वे मणिपुर में वास्तविक स्थिति के बारे में बताएं। खरगे ने कहा कि पीएम संसद कक्ष में भी नहीं आते हैं और केवल अपने कार्यालय में बैठते हैं और जो चल रहा है उसे सुनते हैं। अगर पीएम संसद में मणिपुर पर बयान देते हैं तो हम चर्चा कर सकते हैं। कांग्रेस विधायक मनिकम टैगोर, मनीष तिवारी, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा ने आज मणिपुर पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश किया है। बता दें कि 19 जुलाई को एक वीडियो सामने आया था, जिसमें मणिपुर में तीन महिलाओं को नग्न कर परेड कराते हुए दिखाया गया। इससे आक्रोश भड़क गया और पिछले सप्ताह मानसून सत्र के पहले दो दिन हंगामे की भेंट चढ़ गए। संसद में मणिपुर पर बहस को लेकर इंडिया गठबंधन अपने रुख पर अड़ा हुआ है।

## गुजरात के जूनागढ़ में बड़ा हादसा, एक मंजिला इमारत गिरी, कई लोग दबे

जूनागढ़। गुजरात के जूनागढ़ में भारी बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। भारी बारिश के कारण जानमाल का भी काफी नुकसान हुआ है। इस बीच गुजरात के जूनागढ़ में बड़ा हादसा सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक दो मंजिला इमारत गिर गई है, जिसमें 4 लोग दबे हुए हैं। दरअसल, ये हादसा जूनागढ़ के दातार रोड पर हुआ है। यहां एक जर्जर मकान धाराशायी हो गया है, जिसमें 4 लोग दबे हुए हैं। बता दें कि मकान के नीचे सब्जी वालों की दुकानें थी। फिलहाल मौके पर राहत और बचाव का कार्य जारी है। मौके पर मौजूद टीमें मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने में जुटी हुई हैं। गुजरात में बीते 24 घंटे में हुई मूसलधार वर्षा ने सौराष्ट्र, दक्षिण गुजरात के साथ-साथ मध्य गुजरात में भी भारी तबाही मचाई है। जूनागढ़ में शनिवार को 15 इंच, जबकि नवसारी में 13 इंच बारिश दर्ज की गई थी। जूनागढ़ में इस दौरान वाहन और जानवर तक बह गए। राज्य में दो राष्ट्रीय राजमार्गों और 10 राजकीय राजमार्गों को भी बंद करना पड़ा है। इससे पहले जूनागढ़ की स्थिति के कारण मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को राजकोट के सभी सरकारी कार्यक्रम रद करने पड़े थे। वहां करीब तीन हजार लोगों को सुरक्षित स्थलों पर पहुंचाया गया हैं। जूनागढ़, वलसाड, गिर सोमनाथ, पोरबंदरर और अन्य जिलों में बांध भर गए हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की नौ टीमें को सर्वाधिक प्रभावित स्थानों पर भेजा गया है।



## कांग्रेसी विधायकों ने मुझे पीटा, विधानसभा से बाहर निकालने पर फूट-फूट कर रोये बर्खास्त मंत्री गुढ़ा

जयपुर। अशोक गहलोत कैबिनेट में मंत्री पद से हटाए जाने के बाद आज कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह गुढ़ा को राजस्थान विधानसभा में प्रवेश नहीं करने दिया गया। पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा मीडिया से बातचीत के दौरान फूट-फूट कर रोने लगे और आरोप लगाया कि लगभग 50 लोगों ने मुझ पर हमला किया, मुझे मुक्का मारा और लात मारी। राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने आगे कहा कि 'कांग्रेस नेताओं ने मुझे विधानसभा से बाहर खींच लिया। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष ने मुझे बोलने की अनुमति भी नहीं दी। मेरे खिलाफ आरोप लगाए गए कि मैं बीजेपी के साथ हूं। मैं जानना चाहता हूं कि मेरी गलती क्या है?' सोमवार को शून्यकाल के दौरान सदन में तब अनियंत्रित स्थिति पैदा हो गई जब गुढ़ा 'लाल डायरी' लेकर स्पीकर सीपी जोशी की कुर्सी के पास पहुंचे और उनसे बहस करने लगे। जैसे ही गुढ़ा ने लाल रंग की डायरी लहराई, स्पीकर ने उन्हें अपने कक्ष में आने के लिए कहा। कुछ देर बाद गुढ़ा संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल के पास पहुंचे और उनसे भिड़ गए। सदन में बीजेपी विधायकों ने भी 'लाल डायरी' के मुद्दे पर हंगामा किया और सदन के वेल में पहुंच गये। हंगामा बढ़ने के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। उल्लेखनीय है कि सदन शुरू होने से पहले गुढ़ा ने संवाददाताओं से कहा था कि वह आज विधानसभा में लाल डायरी के बारे में खुलासा करेंगे। राजेंद्र गुढ़ा ने सोमवार को कहा कि उन्होंने 'संघर्ष का रास्ता' चुना है और माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह आज राज्य विधानसभा में 'लाल डायरी' के बारे में विवरण का खुलासा करेंगे। गौरतलब है कि गुढ़ा को विधानसभा में कानून व्यवस्था की स्थिति और महिला सुरक्षा पर राज्य सरकार को घेरने के कुछ घंटों बाद 21 जुलाई की शाम को बर्खास्त कर दिया गया था। राजेंद्र गुढ़ा ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले संवाददाताओं से कहा, 'मैंने संघर्ष का रास्ता चुना है, माफी का नहीं। मुझे किस बात के लिए माफी मांगनी चाहिए?



## रामपुर में बड़ा सड़क हादसा, डिवाइडर से टकराई स्कूटी, तीन दोस्तों की मौत



रामपुर। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीनों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, रामपुर के सिविल लाइंस थाना इलाके के अंतर्गत नैनीताल रोड पर महिला थाने के सामने सोमवार सुबह सात बजे एक स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में स्कूटी सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों युवक शहर के गंज थाना इलाके के रहने वाले थे। तीनों अच्छे दोस्त थे। मृतकों में सैयद जयान शहर के ग्रीनवुड स्कूल में 11वीं का छात्र था। दो अन्य अहान (17) और उमेद (18) निवासी थाना गंज के थे। पुलिस ने तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिए हैं। पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों में चीत्कार मची हुई है।

## ज्ञानवापी सर्वे पर लगी सुप्रीम रोक पर सरकार का पक्ष आया सामने

नई दिल्ली। ज्ञानवापी परिसर के सर्वे के मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि 26 जुलाई तक ज्ञानवापी परिसर में कोई सर्वे नहीं होगा। उच्चतम न्यायलय के आदेश पर जब उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से सवाल किया गया तो उन्होंने सधे हुए लहजे में कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। बकौल मौर्य, यदि न्यायालय के सामने कोई मामला हो तो उसपर सवाल उठाने के बजाय अपना पक्ष रखना चाहिए। मुस्लिम पक्ष के हाईकोर्ट जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे जहां जाना चाहते हैं, वहां जाएं। उन्होंने कहा कि देश की अदालत में जाने का सभी को अधिकार है, वे (मुस्लिम पक्ष) जा सकते हैं लेकिन यदि कोर्ट आदेश पर कोई कार्रवाई हो रही है तो उस पर बाधा नहीं डाल सकते हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह आस्था का विषय है, बाबा विश्वनाथ का विषय है, ज्ञानवापी का विषय है, शृंगार गौरी का विषय है, नंदी बाबा की प्रतीक्षा का विषय है, हर शिवभक्त का विषय है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि 26 जुलाई शाम 5 बजे तक ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का कोई ASI सर्वेक्षण नहीं होगा। 26 जुलाई तक हाई कोर्ट का आदेश लागू नहीं होगा। इस बीच मस्जिद समिति उच्च न्यायालय का रुख करेगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे विष्णु शंकर जैन ने कहा कि ज्ञानवापी की सच्चाई ASI के सर्वेक्षण के बाद ही सामने आएगी। उच्च न्यायालय, सुप्रीम कोर्ट की किसी भी टिप्पणी से प्रभावित हुए बिना मामले का फैसला करेगा, इलाहाबाद HC अपनी योग्यता के आधार पर मामले का फैसला करेगा




## पाकिस्तान से अंजू ने जारी किया वीडियो, कहा- जल्द लौटूंगी वापस, परिवार को न करें परेशान

भिवाड़ी। फेसबुक दोस्त से मिलने गई अंजू ने पाकिस्तान से एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में अंजू ने कहा है कि उसके परिवार को परेशान न किया जाए। वह पाकिस्तान में कानूनी तरीके से आई है और दो-तीन दिन में वापस भी लौट आएगी। उसके परिवार को किसी भी तरह से परेशान नहीं किया जाए। यहां की टेरा एलिगेंसी सोसाइटी की रहने वाली अंजू और नसरुल्लाह की चार साल पहले फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। अरविंद के अनुसार अंजू यहां से जयपुर जाने की बात कह कर गई थी। रविवार को अंजू ने काल कर उन्हें पाकिस्तान पहुंचने के बारे में बताया। इसके बाद से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। अरविंद मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला बलिया के गांव खरपुरा के रहने वाले है। और अंजू ग्वालियर मध्य प्रदेश की रहने वाली है। दोनों की शादी 2007 में हुई थी। अरविंद मूलतः क्रिश्चियन है। अरविंद से शादी करते समय वह हिंदू थी, लेकिन शादी के बाद अंजू ने क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था। अरविंद पहले भिवाड़ी के यूआइटी सेक्टर सात में रहते थे। वर्तमान में टेरा एलिगेंसी सोसाइटी के एच टावर में फ्लैट नंबर-704 में किराए पर रहते है। अंजू ने इसी एड्रेस से 2020 में पासपोर्ट बनवाया था। अंजू खुशखेड़ा की एक टू व्हीलर कंपनी में काम करती है। पति इंडो कंपनी में कार्यरत है।



## संपादकीय

# श्रीलंका की समस्याओं का अभी समग्र हल नहीं

पिछले साल श्रीलंका में जिस पैमाने पर आर्थिक संकट पैदा हुआ और व्यापक अराजकता का माहौल बना, उसकी वजह से वहां के तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को अपनी सत्ता छोड़नी पड़ी थी। उस दौरान हालात इस कदर हिंसक और जटिल हो गए थे कि उन्हें संभालना मुश्किल लग रहा था। मगर गोटबाया के सत्ता छोड़ने के बाद रानिल विक्रमसिंघे ने राष्ट्रपति का पद संभाला और तब उनके सामने सबसे बड़ी और प्राथमिक चुनौती यही थी कि वे देश को कैसे उस जटिल हालात से बाहर लाएं। इसी क्रम में विक्रमसिंघे ने जो प्रयास शुरू किए, उसकी वजह से वहां हालात बेहतर हुए, लेकिन संकट के दीर्घकालिक हल के लिए ठोस नीतिगत पहल की जरूरत थी। शायद यही वजह है कि भारत के दो दिनों के अपने ताजा दौरे में उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों को नए सिरे से मजबूत करने और सहयोग को नया आयाम देने के स्पष्ट संकेत दिए। गौरतलब है कि श्रीलंका के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री की मुलाकात के बाद दोनों देशों के बीच आर्थिक गठजोड़ को विस्तार देने के लिए एक महत्त्वाकांक्षी दृष्टिपत्र अपनाने पर सहमति बनी। फिलहाल एक आर्थिक और प्रौद्योगिकी करार पर बातचीत शुरू करने, विद्युत ग्रिड को जोड़ने का काम तेज करने, एक पेट्रोलियम पाइपलाइन की व्यावहारिकता पर अध्ययन करने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के बीच संपर्क को मजबूत करने के लिए अन्य रास्तों पर ठोस कदम बढ़ाने की कोशिश होगी। निश्चित रूप से यह श्रीलंका की समस्याओं का कोई समग्र हल नहीं है, लेकिन यह कहा जा सकता है कि भारत के साथ सहयोग की दिशा में बढ़े उसके कदम नई राह तलाशने की इच्छाशक्ति का संकेत देते हैं। वहीं, सहयोग के कई जरूरी बिंदुओं पर बात आगे बढ़ाने के साथ-साथ भारत ने श्रीलंका में तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करने और समानता, न्याय और शांति के लिए पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ाने का भरोसा जताया। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में श्रीलंका का झुकाव चीन की ओर रहा और खासकर आर्थिक मामलों में उस पर निर्भरता रही। चीन ने पिछले दशक के दौरान श्रीलंका को भारी मात्रा में ऋण दिया और एक तरह से उसकी स्वनिर्भरता के पक्ष को कमजोर किया। इसका सबूत तब दिखा, जब पिछले साल श्रीलंका अपने सबसे बड़े आर्थिक संकट का सामना कर रहा था, तब चीन ने उसकी सहायता करना जरूरी नहीं समझा। कहा जा सकता है कि शायद तभी श्रीलंका को वास्तविकता का अहसास हुआ। अब रानिल विक्रमसिंघे के भारत दौरे में साझेदारी को नया आयाम देने के लिए जिन मुद्दों पर सहयोग को बढ़ाने और मजबूत करने पर सहमति बनी है, उससे श्रीलंका को लाभ होगा, लेकिन यह भारत के लिहाज से भी कई स्तरों पर सकारात्मक स्थिति है। यों भी बीते कुछ वर्षों में भारत ह्यपड़ोस प्रथमह्ण की नीति पर ठोस तरीके से काम कर रहा है। फिर कूटनीति के मोर्चे पर देखा जाए तो भारत और श्रीलंका, दोनों ही एक दूसरे के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण हैं। साथ ही सामरिक और व्यापारिक दृष्टि से भी हिंद महासागर भारत के लिए एक संवेदनशील क्षेत्र है। इस लिहाज से भारत के लिए श्रीलंका की अहमियत समझी जा सकती है। इसलिए अगर दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूती देने के लिए ठोस नीतिगत रास्ते तैयार होते हैं, तो इससे एक ओर जहां श्रीलंका के लिए फिर से संभलने का रास्ता तैयार होगा, वहीं भारत का भी सुरक्षा घेरा और मजबूत होगा।

## हैं बैठे तैयार !



टला नहीं है खतरा ।
रहना होशियार ।।
बाढ़ और बारिश ।
हैं बैठे तैयार ।।
लीपापोती करने से ।
खुली आखिर पोल ।।
ध्यान हटा कर मुद्दे से ।
घुमा रहे हैं गोल ।।
जानता जनमानस ।
पर बैठा है शांत ।।
पाया थोड़ा मुफ्त का ।
ले रहा एकांत ।।
सोच समझकर उल्टा ।
देते रहे बयान ।।
बुद्धिजीवी वर्ग ने ।
कर लिया पहचान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# क्या मणिपुर की शर्मसार करती सच्चाईयां अभी भी बांकी है?

**ऋतुपर्ण दवे**

मणिपुर में जो हुआ बेहद शर्मनाक था, उससे भी शर्मनाक पुलिस संरक्षण में जाती पीड़िता को भीड़ द्वारा छुड़ा लेना, उससे भी शर्मनाक अपराधियों की करतूत का विरोध का साहस दिखाने वाले पीड़िता के पिता और भाई की भी हत्या निर्वस्त्र पीड़िता के सामने होना, उससे भी शर्मनाक वहां के मुख्यमंत्री का बयान जिसमें कहना कि ऐसी सौ-सौ घटनाएं हुई हैं? उससे भी शर्मनाक पता होकर भी पुलिस एफआईआर लिखे जाने में देरी है। जैसा झुलसते मणिपुरी कह रहे हैंकि इससे भी शर्मसार करने वाले वाकिये सामने आना बांकी है, दुखद है। देश गुस्से में है, होना भी चाहिए। अगर इंसानों का सभ्य समाज जिन्दा है तो जिन्दा दिखना भी चाहिए।

आदिवासी मणिपुरी महिलाओं को पूरी तरह से निर्वस्त्र कर भीड़ द्वारा सरेआम घुमाना और पीड़िताओं की लाज, लज्जा से कई-कई बार खुले आम खिलवाड़ करना सभ्य समाज और दुनिया नहीं स्वीकारेगी। ऐसा तो कबीलाई समाज में भी कभी देखा या सुनानहीं गया। महिला को निर्वस्त्र कर भीड़ ने जो नंगा नाच किया वो जंगली जानवरों के हमले से भी ज्यादा खतरनाक और दर्दनाक था। माना कि 4 मई की घटना की सच्चाई का 21 सेकेण्ड का वीडियो इण्टरनेट बंदी के चलते मणिपुर की बाहरी दुनिया को जल्द पता नहीं चल पाया लेकिन वहां की स्थानीय पुलिस को 19 जुलाई तक पता नहीं चलना कई लिहाज से दुखद व शर्मनाक है। यह भी बहुत ही दुःखद और चिन्ताजनक है कि कि दरिंदगी और शर्म से डुबो देने वाली घटनाओं को लेकर मुख्य न्यायाधीश का खुद आगे बढ़कर हरकत में आना और कार्रवाई के लिए सरकार को समय सीमा की चेतावनी देना है। वहीं प्रधानमंत्री खुद इसे कहते हैं कि मणिपुर की घटना से उनका हृदय पीड़ा में है। शर्मसार करने वाली घटना है। पापी कौन हैं कितने हैं, वो अपनी जगह है लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। मैं मुख्यमंत्री से अपील करता हूँ कि अपने-अपने राज्यों में कानून व्यवस्था को मजबूत करें। ये राज्य सरकार की विफलता नहीं तो और क्या है?80 दिन पहले हुई और जिसकी एफआईआर 62 दिन पहले दर्ज होना और मामले के लिए वीडियो वायरल होने का इन्तजार करना अपने आप में बड़ा सवाल है?बात महज तीनमहिलाओं की आबरू की नहीं, सरे आम, सरे राह और सैकड़ों लोगों के सामने तार-तार करने की भी नहीं बल्कि इससे भीबहुत-बहुत आगे की है।



पीड़िता के बयान बहुत दर्दनाक हैं। कैसे तीन मई को आधुनिक हथियारों से लैस 800 से लेकर 1000 लोग थोबल ज़िले में उस गाँव में घुस गए जहां यह घटना घटी? लूटपाट कर आग लगाती भीड़ को पुलिस ने काबू करना तो उल्टा पीड़िताओं को उन्हीं के हवाले कर देना बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है? अपने पिता व भाई के साथ खुद को बचाने जंगलो की ओर भाग रही थी तो पुलिस ऐसी देवदूत बनी जिसने थोड़ी ही दूर पर उन्हे राक्षसों की भीड़ को सौंप दिया। भीड़ ने 20, 42 और 50 साल महिला को निर्वस्त्र कर दिया। 20 वर्षीया महिला की सरेराह और सरेआम कई-कई बार इज्जत लुटी। दुखद यह भी है कि आरोपियों में से एक पीड़िता के भाई का दोस्त था। सच में मणिपुर में नफरत की दीवारें इंसानियत और रिश्तों को तार-तार करनेकी हदों से भी ज्यादा है।एफआईआर से पता चला कि कुल तीन महिलाओं में से दो को नग्न करघुमाया गया। तीसरी को कपड़े उतारने खातिर मजबूर किया गया जो वीडियो में नहीं दिखी। महिला के पति भारतीय सेना में सूबेदार होकर रिटायर हुए।वोकारगिल लड़ाई में आगे होकर लड़ चुके हैं।भारी मन से कहते हैं कि उन्होंने युद्ध बड़ी-बड़ी लड़ाई लड़ीं। लेकिन अब उन्हें उनका घर भयावह युध्दों के मैदान से ज्यादा खतरनाक लगने लगा है। वो बेबस हैं जो अपनी गरिमा, घर और सारी कमाई यानी सब कुछ खो चुके हैं।

मणिपुर में पिछले 83 दिनों से हिंसा जारी है। राजधानी इम्फाल बीचों बीच बसा प्रदेश का 10 प्रतिशत हिस्सा है जिसमें 57 प्रतिशतद आबादी रहती है। बांकी 90 प्रतिशत पहाड़ी इलाके हैं जिनमें 43 प्रतिशत लोग रहते हैं। इम्फाल घाटी मैतेई बहुल है जहां ज्यादातर हिंदू हैं तथा आबादी के लिहाज से 53 प्रतिशत है। मणिपुर के 60 में से 40 विधायक इसी समुदाय के हैं। दूसरी ओर पहाड़ों में 33 मान्य जनजातियां आबाद हैं जो नगा और कुकी हैं। दोनों खासकर ईसाई हैं। वहीं 8-8 प्रतिशत आबादी मुस्लिम और सनमही समुदाय की है। संविधान काअनुच्छेद 371-सीपहाड़ी जनजातियों को वो विशेष दर्जा और सुविधाएं देता हैजो मैतेई को नहीं मिलते। इसी लैंड रिफॉर्म एक्ट के कारण मैतेई पहाड़ों में जमीन नहीं खरीदसकते जबकि जनजातीय केपहाड़ों से घाटी में आकर बसने पर कोई रोक नहीं है। बस इसी कारण दोनों में मतभेद हुए जो वक्त के साथ बढ़ते चले गए। कुकी और मैतेई के बीच बढ़ती दूरियों की वजहें भले ही कुछ भी हों लेकिन यदि इसके समाधान की कोशिशें होतीं तो शायद मणिपुर के हालात कुछ और होते। ऐसा लगता है कि फिलहाल न तो मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति ही है और न कोई ठोस प्रयास हो रहे हैं। हालात सामने हैं। इस बीच पूरे देश में जबरदस्त उबाल से यह भी समझ आया कि कहीं न कहीं मणिपुर की मीडिया भी निष्पक्षता का शिकार है। हो सकता है कि वहां के आन्तरिक हालातों को राष्ट्रीय मीडिया तक न पहुंचने दिया जा रहा हो वरना कुछ न कुछ हल तो जरूर निकलता। महज एक वीडियो के बाद ये भी दावे किए जा रहे हैं कि मणिपुर से दूसरे समुदायों के उत्पीड़न के इससे भी भयावह वीडियो व तस्वीरें सामने आ जाएं तो हैरानी नहीं होनी चाहिए! ऐसा लगता है कि मणिपुर में काफी कुछ हुआ है जो सामने आना बांकी है। ये वही मणिपुर है जहां महिलाओं को पुरुषों से ज्यादा अधिकार मिले हैं। एशिया का सबसे बड़ा महिला बाजार एमा मार्केट राजधानी इंफाल की शोभा बढ़ाता है। अंग्रेजों के विरोध आन्दोलन का खासा इतिहास भी है। शराबबन्दी पर मणिपुरी महिलाओं की जागरूकता मिशाल है। उग्रवाद के उफान के वक्त भी महिलाओं के साथ ऐसी शर्मनाक घटनाएं नहीं हुई।

इधर सोशल मीडिया पर मणिपुर की घटनाओं को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। जाहिर हैं यह सब राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं। लेकिन सच भी है कि इस दौर में लोग सबसे ज्यादा सोशल मीडिया को देखते, सुनते और भरोसा कर बैठते हैं। सोशल मीडिया की अनदेखी भी नहीं की जा सकती। कुछ लोग अफीम की खेती पर प्रतिबंध से कमर बौखलाए लोगों की करतूत बताते हैं तो कुछ इसे मूल भारतीयों के अधिकार की लड़ाई कहते हैं। जाहिर है सोशल मीडिया के दावों की सच्चाई अपने आप में ही सवालिया होती है लेकिन लोगों तक इनके पहुंचने से रोक पाना भी तो बेहद कठिन है।

कैसी विडंबना है कि आधी आबादी के बराबरी के दावों पर काफी कुछ बोलती केन्द्र या राज्यों की सरकारें नहीं अघातीं, महिलाओं के सम्मान को लेकर छाती ठोंकती हैं। लेकिन सिवाय कुछ राज्यों में बिना देरी के ऐसे अपराधियों के घर बुलडोजर चल जाते हैं वहीं मणिपुर में सब कुछ जानते हुए भी अपराधियों पर एफआईआर तक में देरी में कैसी मजबूरी? शायद वहां के हालात वहां की राजनीति का शिकार होकर खुद इतने बेकाबू हो गए हैं कि अब काबू कर पाना बहुत चुनौती पूर्ण है। मणिपुर पुलिस का रविवार तड़के आया एक ट्वीट महत्वपूर्ण है जिसमें पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 126 नाके और जांच चौकियां बनाने तथा हिंसा के संबंध में 413 लोगों को हिरासत में लेने की बात लिखी है।

# काशी में मंदिर प्रमुखों का महाकुंभ, स्मार्ट टेंपल की तैयारियां

**सनत जैन**

काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में 3 दिन का इंटरनेशनल टेंपल कन्वेंशन का सम्मेलन शुरू हो गया है। इसमें देश एवं विदेशों के बड़ी संख्या में मंदिर प्रबंधक शामिल हुए है। अमेरिका ब्रिटेन मलेशिया और कनाडा सहित 32 देशों के मंदिर प्रबंधकों को भी इस सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। मंदिरों में किस तरह की व्यवस्था हो मंदिरों के धन का उपयोग किस तरह से हो, छोटे शहरों और गांवों में जो मंदिर स्थापित हैं, उनका कैसे जीर्णोद्धार कर भव्य स्वरुप दिया जाए, मंदिरों से स्वास्थ्य सेवाओं और लंगर इत्यादि को चलाने तथा गरीब बच्चों की पढ़ाई की दिशा में मंदिरों में क्या प्रबंध किए जा सकते हैं, इस संबंध में विचार किया जा रहा है। इस सम्मेलन की शुरूआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के दीप प्रज्वलन से शुरू हुई। मोहन भागवत ने मंदिरों को राष्ट्रीय एकता का सूत्रधार बताते हुए मंदिरों को उपासना सेवा और भारतीय कला का केंद्र बनाने की आवश्यकता जताई। राजनीतिक क्षेत्रों में काम करने वाले नेताओं को विशेष रूप से हिंदू धर्म की रक्षा में जुटे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को दुनिया भर के मंदिरों में 3.28 लाख करोड़ रुपए की जो आय हो रही है, उसके के माध्यम से हिंदुत्व को किस तरीके से एक बेहतर धर्म के रूप में स्थापित किया जाए। इसके लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दू धर्मायजनों को एक मंच पर लाने की तैयारी है। बिना चमत्कार के कोई नमस्कार नहीं करता है। अब मंदिरों में ऐसा क्या चमत्कार हो, कि सब लोग नमस्कार करने के लिए विवश हों। इसके लिए मंदिरों को स्मार्ट मंदिर के रूप में स्थापित करने, उनको जनसाधारण के सरोकार से जोड़ने, भगवान और देवी देवताओं के चमत्कारों के माध्यम से मंदिरों के चमत्कार को जनसाधारण तक पहुंचाने की मुहिम के रूप हो। इस सम्मेलन में 10 देशों के प्रतिनिधि वाराणसी पहुंचे हैं। 22 देशों की सहभागिता डिजिटल माध्यम से इस सम्मेलन में हो रही है। भारत सहित 57 देशों में स्थापित 9000 से ज्यादा मंदिरों का डाटाबेस संघ ने तैयार किया है। इस आयोजन को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से भी जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत के सबसे ज्यादा धनी तिरुमाला मंदिर का सालाना बजट 4400 करोड रुपया है। तिरुपति मंदिर ही एकमात्र भारत का ऐसा मंदिर है। जहां पर 7000 कर्मचारी काम करते हैं। मंदिर द्वारा शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। मंदिर में स्वास्थ्य और वैदिक अध्ययन इत्यादि की सुविधाएं हैं। तिरुपति



मंदिर का 17000 करोड़ रुपए का निवेश बैंकों में है। इसी तरह से पद्मनाभ मंदिर भारत के सबसे धनी मंदिर की सूचियों में शामिल है। इन मंदिरों कि आय और इनकी ताकत को लेकर एक नए राजनैतिक समीकरण की शुरूआत भारत और दुनिया के देशों में होने जा रही है। इसकी अगुवाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कर रहा है। उसका राजनीतिक एजेंडा भी साथ-साथ चलता है। इस मुहिम में कोई शंकराचार्य का धमार्चार्य शामिल नहीं है। मंदिर के प्रबंधक संघ छत के नीचे आने के लिए सहमत होते हैं या नहीं। इसको लेकर भी सम्मेलन में जो प्रबंधक आए हुए हैं, वह इस तरह की पहल से असहमत हैं। पिछले कई वर्षों में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों का मंदिरों की व्यवस्था और मंदिरों की आय को लेकर जो हस्तक्षेप सरकारों द्वारा किया जा रहा है। उसे मंदिर प्रबंधक स्वीकार नहीं कर रहे हैं। जगह-जगह पर धार्मिक आधार पर चमत्कारी मंदिर तैयार हो जाएंगे, तो जिन मंदिरों की चमत्कारिक पौराणिक प्रतिष्ठा है, उनकी आय भी आगे चलकर प्रभावित हो सकती है। मंदिर प्रबंधकों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ सकती है। इसको लेकर भी जो मंदिर प्रबंधक वाराणसी पहुंचे हैं। उनके बीच में तरह-तरह की आशंकाएं देखने को मिल रही हैं। मंदिरों में जनता अपनी श्रद्धा और भक्ति के साथ जो पैसा दान करती है। निश्चित रूप से उसका उपयोग आम जनों के लिए होना ही चाहिए। जितने भी भगवान पौराणिक हिंदू मान्यताओं में हैं। उन्होंने जन कल्याण के लिए अपना सब कुछ छोड़कर जन कल्याण के लिए काम किया। उन्होंने जंगलों में तपस्या की। खुद कष्ट सहे, भक्तों के कष्ट दूर किये। जिसके कारण वह भक्तों के भगवान बन पाए। इस कलयुग में जिस तरह से मंदिरों में बैठे हुए भगवानों की मूर्तियों को सोने चांदी और बड़े-बड़े महलों में रहने के लिए विवश किया जा रहा है, उससे ईश्वर की छवि में भी विपरीत असर पड़ रहा है। जब भारत में स्मार्ट मंदिर बनेंगे, उन में घुसने वाले लोग धनी मानी होंगे। गरीबों भक्तों को दर्शन करने में कठिनाई होगी। उन्हें लाइने लगाकर दर्शन करने के लिए विवश किया जाएगा। वहीं धनी मानी लोग दान और पैसे देकर भगवान के तुरंत दर्शन कर पाएंगे। इससे भक्तों की श्रद्धा में भी कमी आने से कोई रोक नहीं पायेगा। आस्था और श्रद्धा लाखों-करोड़ों गरीब भक्तों की होती है। धनवान लोग भगवान के दर्शन करने के लिए जिस तरह से अपने धन और ऐश्वर्य का प्रदर्शन करते हैं। सनातन संस्कृति के अनुसार हमारे भगवान उनकी भक्ति को स्वीकार भी नहीं करते हैं। क्योंकि उसमें अहंकार होता है। भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं है। पहली बार देश के सभी मंदिरों के व्यवस्थापक एकजुट हो रहे हैं। यदि वह धार्मिक भावनाओं से भक्तों के कष्ट निवारण के लिए एकजुट होकर काम करते हैं, तो इसमें किसी को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। वाराणसी में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में मंदिर के व्यवस्थापक एकजुट हो रहे हैं। संघ के बुलावे पर सब यहां आए हैं। वर्तमान स्थिति में इनके पास अन्य कोई विकल्प भी नहीं था। शंकराचार्यों एवं धमार्चार्यों के शामिल नहीं होने की क्रिया और प्रतिक्रिया किस रूप में होगी, इसको लेकर केंद्र सरकार और संघ को भी सतर्क होने की जरूरत है।

# 2 नियमों के बीच अटकी संसद में मणिपुर की चर्चा, रूल 176 बनाम रूल 267

**अभिनय आकाश**

मणिपुर की स्थिति को लेकर चर्चा के फॉर्मेट को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच ठन गई है। इसके कारण संसद के मानसून सत्र का पहला दिन बाधित हुआ। इस दौरान रूल 176 और रूल 267 का जिक्र आया। एक तरफ सरकार जहां छोटी अवधि की चर्चा के लिए सहमत हुई थी। वहीं, विपक्ष ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नियम 267 के तहत सभी मुद्दों को निलंबित कर चर्चा के बाद स्वतः संज्ञान लें। आखिर क्या है नियम 267 जिसकी मांग विपक्ष ने मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए की है? दूसरी तरफ रूल 176 क्या है जिसके तहत सरकार छोटी अवधि की चर्चा के लिए तैयार है? दरअसल, 1952 में लोकसभा और राज्यसभा ने अपने-अपने प्रक्रिया नियम प्रकाशित किये। इन नियमों में यह विवरण दिया गया कि दोनों सदन कैसे कार्य करेंगे। उन्होंने विभिन्न प्रक्रियात्मक तंत्रों को भी निर्दिष्ट किया जिसके द्वारा संसद सदस्य (सांसद) दो विधायी सदनों के कामकाज में भाग ले सकते हैं। पिछले सात दशकों में ये नियम बदल गए हैं, लेकिन बुनियादी सिद्धांत अपरिवर्तित हैं।

सदन में मामले उठाने के लिए सांसदों को पीठासीन अधिकारियों (राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष) को पहले से सूचित करना होगा। यह आवश्यकता सुनिश्चित करती है कि सरकार सांसदों को जवाब देने के लिए जानकारी एकत्र कर सकती है। सरकार के पास विधेयकों और बजटों का भी अपना एजेंडा है। इसमें भी पहले से जानकारी देना जरूरी है ताकि सांसद बहस के लिए खुद को तैयार कर सकें। प्रत्येक सदन का सचिवालय सरकार और व्यक्तिगत सांसदों के नोटिस को संसद में एक दिन के कामकाज की सूची में संकलित करता है। और सांसद केवल उस मामले पर चर्चा कर सकते हैं जो दिन के कामकाज पर है। लेकिन निर्धारित कार्य को "स्थगन प्रस्ताव" नामक एक प्रक्रियात्मक तंत्र द्वारा अलग रखा जा सकता है। लोकसभा में यह नियम एक सांसद को अत्यावश्यक सार्वजनिक महत्व के एक निश्चित मामले पर चर्चा करने के लिए अध्यक्ष से सदन की कार्यवाही स्थगित करने का आग्रह करने की अनुमति देता है। स्पीकर को यह तय करना होगा कि सांसद को प्रस्ताव पेश करने की अनुमति दी जाए या नहीं। इसके परिणामस्वरूप सदन ने इस अत्यावश्यक मामले पर चर्चा करने के लिए कार्य की अपनी निर्धारित सूची को रद्द कर दिया। स्थगन प्रस्ताव एक प्रकार से सरकार की निंदा है। इसकी उत्पत्ति यूनाइटेड किंगडम में हाउस ऑफ कॉमन्स में हुई, और भारत में इसकी यात्रा 1919 के भारत सरकार अधिनियम के तहत स्थापित पूर्व-स्वतंत्र द्विसदनीय विधायिका के नियमों के तहत शुरू हुई। केंद्रीय विधानसभा और विधान परिषद के सदस्य अपने सदनों में स्थगन प्रस्ताव पेश कर सकते थे। इन सदनों के पीठासीन अधिकारियों ने स्थगन प्रस्तावों की अनुमति दी क्योंकि सदस्यों के पास जरूरी मामलों को उठाने के लिए अन्य प्रक्रियात्मक उपकरण नहीं थे। और चूंकि ब्रिटिश प्रशासन विधायिका के नियंत्रण में नहीं था, इसलिए यह सदस्यों के लिए किसी विशेष गंभीर मामले पर अपनी चिंता व्यक्त करने के कुछ प्रक्रियात्मक उपायों में से एक था। संसदीय रिकॉर्ड बताते हैं कि साल 1990 से 2016 के बीच 11 बार ऐसे मौके आए जब अलग-अलग चचाओं के लिए इस नियम का इस्तेमाल किया गया। सांसदों के लिए जरूरी मामलों को उठाने के लिए नियम पुस्तिका में अन्य प्रक्रियात्मक उपकरणों की उपलब्धता को देखते हुए, लोकसभा अध्यक्ष स्थगन प्रस्तावों की अनुमति देने में अनिच्छुक रहे हैं। अधिकांश लोकसभाओं ने स्थगन प्रस्तावों पर अपना 3% से भी कम समय खर्च किया है।

# अजमेर कांड नामक फिल्म प्रदर्शित नहीं करने दी, तो यू-ट्यूब पर प्रदर्शित करेंगे ! – सचिन कदम, निर्देशक

चिश्ती के वंशज एवं यूथ कांग्रेस के फारुख, नफीस एवं अन्वर चिश्ती ने अजमेर बलात्कार कांड किया । इससे संबंधित फिल्म अजमेर कांड हम सितंबर 2023 में प्रदर्शित करने का प्रयत्न कर रहे हैं । सेन्सर बोर्ड इस फिल्म के पोस्टर, बैनर एवं संवाद पर आपत्ति उठा रहा है । मेरी फिल्म के कलाकारों और मुझे धमकियां भी दी जा रही हैं । सत्य घटना बताने का विरोध क्यों किया जा रहा है ? इसमें सेक्युलर हिन्दू ही हमारा विरोध कर रहे हैं । अजमेर बलात्कार कांड से संबंधित फिल्म यदि हमें प्रदर्शित नहीं करने दी गई, तो उस फिल्म को हम यू-ट्यूब पर प्रदर्शित करेंगे, ऐसे अजमेर कांड फिल्म के लेखक एवं निर्देशक श्री. सचिन कदम ने कहा है । वे हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा अजमेर बलात्कार कांडः मुसलमानों की तुष्टीकरण का परिणाम ? इस विषय पर आयोजित विशेष संवाद में बोल रहे थे । हाल ही देशभर में अजमेर 92 फिल्म प्रदर्शित हुई है । उसके पश्चात अब अजमेर कांड यह दुसरी फिल्म प्रदर्शन के मार्ग पर है ।



श्री. रमेश शिंदे

इस अवसर पर दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता मणि मित्तल ने कहा कि अजमेर बलात्कार कांड प्रकरण में कितनी हिन्दू बालिकाओं एवं युवतियों पर सामूहिक बलात्कार हुए, इसकी 100, 200 अथवा 250 विशिष्ट संख्या बताना भी कठिन है । अत्याचार होने के पश्चात इन अवयस्क लडकियों के फोटो खींचकर उन्हें ब्लैकमेल किया गया । इसके पश्चात अनेक लडकियों ने आत्महत्या की । बलात्कार जैसे प्रकरण में पुलिस की भूमिका भी सकारात्मक होती है; परंतु इस प्रकरण में पुलिस की भूमिका भी नकारात्मक रही है । कश्मीर फाइल्स, दि केरला स्टोरी जैसी फिल्मों के पश्चात अब अजमेर 92 फिल्म प्रदर्शित हुई है । उस समय अजमेर बलात्कार कांड बडे स्वरूप में हुआ; परंतु आज भी अनेक स्थानों पर वह छोटे स्वरूप में हो रहा है । आज भी हिन्दुओं को पश्चिमी संस्कृति का अंधानुकरण छोडकर जागृत होना चाहिए एवं अपने लडके-लडकियों में जनजागृति करनी चाहिए ।

इस समय राजस्थान के सद्गुरु समाचार पत्र एवं वेबपोर्टल के संपादक श्री. विजय सिंह ने कहा, अजमेर बलात्कार कांड में 200 से अधिक हिन्दू युवतियों पर अत्याचार होने पर भी अनेक आरोपियों को निर्दोष छोड दिया गया । तब क्या हुआ, यह उस समय ठीक से पता नहीं चला एवं आज भी जनता को ठीक से पता नहीं चला है । उस समय कुछ समाचारपत्रों ने ही इससे संबंधित समाचार छापे, इसलिए यह विषय उजागर हुआ । अजमेर 92 फिल्म आने पर हिन्दू लडकियों पर किस प्रकार अत्याचार हुए, यह आनेवाले पीढी को भी पता चलेगा । अजमेर दरगाह से जुडे लोगों को पवित्र माना जाता है, उन्होंने ही यह अजमेर बलात्कार कांड का पाप किया है । अजमेर दरगाह में आज भी अनेक हिन्दू श्रद्धापूर्वक जाते हैं । अब हिन्दुओं को ही निश्चित करना है कि, उन्हें क्या करना है ?

# प्रधान संघ जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह का एक और प्रयास रंग लायी

## सोनबरसा रेलवे गेट 17 अब बारह घंटे के बजाय अब चौबीस घंटे खुलेगें

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रधान संघ जिलाध्यक्ष एवं भीषमपुर ग्राम प्रधान राकेश कुमार सिंह का एक और अथक प्रयास रंग लायी सेवापुरी रेलवे स्टेशन के सोनबरसा रेलवे गेट नं 17 सी अब बारह घंटे के बजाय अब चौबीस घंटे खुला रहेगा ` प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों की भारी समस्या को देखते हुए प्रधान संघ जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने पहली बार उन्होंने 2020 में प्रधानमंत्री एवं वाराणसी के सांसद नरेंद्र मोदी से इस समस्या से पत्र के माध्यम से अवगत कराया था उन्होंने प्रधानमंत्री जी से पत्र के माध्यम से अवगत कराते उन्होंने लिखा था कि बरनी कालिका धाम मार्ग से जुड़ा सोनबरसा मार्ग जो भदोही मार्ग से जुड़ा है बीच में सोनबरसा रेलवे गेट नं 17 शाम 6:00 बजे के बाद बंद कर दिया जाता था जिसके कारण राहगीर, पेशेंट्स रिश्तेदारों को आने जाने में काफी दिक्कत होती थी ` एक किलोमीटर के बजाय ग्रामीणों को 14 किलोमीटर का सफर तय करना था जिससे ग्रामीणों को समय के साथ साथ लंबी दूरी तय करने के बाद अपने मुकाम पर पहुंचना पड़ता था इससे न सिर्फ आर्थिक, शारीरिक दोनों तरह की क्षति होती थी और भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था लेकिन आज सावन के तीसरे सोमवार को जैसे ही रेलवे प्रबंध के तरफ से 24 घंटे गेट खुला रहने की सूचना जिला अध्यक्ष को दिया गया` जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के द्वारा सोनबरसा प्रधान बेचू राम चौहान को बताकर खुशी का इजहार किया फिर संगठन के लोग रेलवे सोनबरसा गेट पर पहुंचकर हर हर महादेव का नारा लगाते हुए प्रधानमंत्री जी को बधाइयां और शुभकामनाएं दिए ग्रामीणों में सूचना दिया गया ग्रामीण खुशी से झूम उठे और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया` प्रधान संघ जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष बेचू राम चौहान ,ब्लॉक संरक्षक घनश्याम यादव, ब्लॉक अध्यक्ष नितिन सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा , प्रधान गगन सिंह, प्रधान सोनू सिंह, प्रधान राजकुमार बाबा प्रेम नाथ सिंह, क्षेत्र के तमाम जनता उपस्थित रहे।



# दिव्यांग बच्चों के बीच भाव विभोर हुई जिला जज

जौनपुर। हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला जज वाणी रंजन अग्रवाल रही उन्होने स्कूल में वृक्षारोपण किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व मण्डल अध्यक्ष राधेरामण जयसवाल और जेसीआई चेतना की अध्यक्ष सोनी जायसवाल, अभिलाषा श्रीवास्तव रही। अध्यक्ष सोनी जयसवाल के नेतृत्व में दिव्यांग स्कूल के बच्चों को पठन-पाठन सामग्री के साथ स्कूल बैग यूनिफॉर्म ड्रेस देते हुए मिष्ठान खिलाया। मुख्य अतिथि जनपद ने कहां कि इन बच्चों के साथ समय व्यतीत करना बहुत ही खुशी की बात होती है मैं संस्था के अध्यक्ष सोनी जायसवाल और उनकी पूरी टीम को बधाई देती हूं कि संस्था इन बच्चों का ध्यान रखते हुए इनकी जरूरतों को पूरा कर रही है । राधेरमण जायसवाल ने कहा दिव्यांग स्कूल के बच्चों को ईश्वर का साक्षात रूप बताया और प्रत्येक बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा छिपी होती है यह ईश्वर का आशीर्वाद है। अभिलाषा श्रीवास्तव ने कहां की सभी को इन बच्चों के लिए अवश्य सोचना चाहिए ये बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह अपना जीवन यापन कर सकते हैं यह विशेष बच्चे हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्कूल के प्रबन्धक विनोद कुमार माली, सहयोगी डॉक्टर प्रमोद कुमार सैनी, सचिव मीरा अग्रहरी, कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी, ज्ञानेश्वरी गुप्ता,अंजना गुप्ता, सर्वजीत श्रीवास्तव, जयंत श्रीवास्तव मनोज कुमार माली, सोनम यादव, प्रमोद कुमार दूबे, मंजू प्रजापति, नन्दनी विश्वकर्मा, रूबीना, पावन उपाध्याय,विकास मौर्या, अमीरचंद गुप्ता धीरज यादव आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन विनोद कुमार माली और मीरा अग्रहरी ने संयुक्त रूप से किया सभी अतिथियों का आभार सरला माहेश्वरी ने व्यक्त किया।



## प्राथमिक शिक्षकों का जनपदीय सम्मेलन 30 को

जौनपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जनपदीय इकाई की बैठक जिलाध्यक्ष अमित सिंह की अध्यक्षता में नवदुर्गा मंदिर प्रांगण हुई ।बैठक में जिलाध्यक्ष ने अवगत कराया कि आगामी तीस जुलाई को जनपद स्तरीय त्रैवार्षिक शिक्षक का सम्मेलन टीडी इंटर कालेज की प्रांगण में होगा, मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री उमाशंकर सिंह प्रतिभाग करेंगे। यह सम्मेलन कई मायने में महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक होगा जहां सभी जनपदीय व ब्लाक स्तर के पदाधिकारियों के साथ ही भारी संख्या में संघनिष्ठ शिक्षक साथी शिक्षक समस्याओं व पुरानी पेंशन हेतु आयोजित आगामी आंदोलनों के बारे में चर्चा परिचर्चा करेंगे तथा उसके लिए रणनीति तैयार करेंगे ।बताया कि आगामी दस अगस्त को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षक कर्मचारी की संयुक्त रूप से राष्ट्रव्यापी आंदोलन है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में जनपद के शिक्षक कर्मचारी प्रतिभाग करें। सतीश सिंह, महिला अध्यक्ष अर्चना सिंह , जिला मंत्री रेखा यादव, उपाध्यक्ष अतुल सिंह, संगठन मंत्री अश्वनी सिंह, संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल, राम सिंह राव, अनुज सिंह, सहित सभी ब्लाक अध्यक्ष सजल सिंह, विशाल सिंह, भूपेश सिंह ,मृत्युंजय सिंह, उमेंद्र सिंह, संतोष सिंह, सहित तमाम अध्यापक मौजूद रहे।

# राजधानी दिल्ली में चमका जौनपुर का सितारा, उप राष्ट्रपति की मौजूदगी में मिला स्वर्ण पदक

प्रखर शाहगंज जौनपुर। फिरोज शाह तुगलक द्वारा बसाया गया पूर्वी उत्तर प्रदेश का जौनपुर शहर को हमेशा से ही शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में देखा गया है,मुगल साम्राज्य ने इस शहर को शीराज ए हिन्द का खिताब भी दिया था,आजादी के बाद भी इस जिले ने देश की सेवा के लिये एक से बढ़ कर एक विद्वान,वकील, अधिकारी, और प्रोफेसर समेत वैज्ञानिकों को जन्म दिया है,उन्हीं नामों की लिस्ट में जुड़ने वाल एक और नाम अजीम अनवर खान का है। जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित शाहगंज थाना क्षेत्र के सबरहद गांव में जन्मे अजीम अनवर खान फिलहाल राज्य सभा सचिवालय में अवर सचिव के पद पर अपनी सेवायें दे रहे हैं,हाल ही में जवाहर लाल नेहरु युनिवर्सिटी से पी एच डी की डिग्री प्राप्त करने वाले अजीम को भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के हाथों जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्विद्यालय में आयोजित शाताब्दी वर्ष दीक्षांत समारोह के दौरान अंग्रेजी विभाग से पीजी डिप्लोमा की डिग्री के साथ साथ दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के हाथों स्वर्ण पदक से नवाजा गया। गौरतलब रहे कि अजीम अनवर खान ने प्रारम्भिक शिक्षा सबरहद गांव के मदरसा फारूकिया से प्राप्त की है,हिफ्ज ए कुरान पूरा करने के बाद अजीम ने उच्च शिक्षा के लिये पहले लखनऊ के नदवतुल उलमा और फिर जामिया और जे एन यू जैसे देश के बड़े विश्विद्यालयों का रुख किया जहाँ हाल ही में जवाहर लाल नेहरू विश्विद्यालय मे अजीम अनवर खान को पी एच डी की डिग्री दी है। स्वर्ण पदक पाने के बाद अजीम अनवर खान ने मीडिया से बात करते हुवे अपनी कामयाबी का पूरा श्रेय अपने पिता मास्टर अनवर खान और माता समेत अपने भाइयों और शिक्षकों को दिया,उन्होने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के उप राष्ट्रपति के हाथों डिग्री पाना मेरे लिये बड़े ही गर्व की बात है,वहीं इस बात की खबर गांव में फैलते ही अजीम के पिता मास्टर अनवर खान को मुबारकबाद देने के लिये घर पर लोगों का तांता लगा हुवा है।



# शाहगंज में बिना रजिस्ट्रेशन के धड़ल्ले से चल रहे कोंचिग सेंटर

प्रखर शाहगंज जौनपुर। तमाम प्रयासों के बाद भी प्रशासन फर्जी कोचिग सेंटरों पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। शाहगंज नगर समेत कस्बा बाजार में अधिक संख्या में बगैर रजिस्ट्रेशन के निरंतर सूर्यास्त के बाद भी छात्र छात्राओं कें कोचिंग संचालित होते हैं। विभागीय कागजी खानापूर्ति के चलते बच्चों सहित अभिभावकों को कठिनाई से गुजरना पड़ रहा है। शासन ने बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिग सेंटरों के संचालन पर रोक लगा रखा है। बावजूद इसके विभागीय कार्रवाई करने के नाम पर कोरमपूर्ति की जाती है । जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ता है। विभिन्न स्कूल-कालेजों में शिक्षण कार्य करने वाले अध्यापक कोचिग संस्था खोल रखे हैं। शिक्षक कोचिग संस्था में पढ़ने के लिए बाध्य करते हैं। दबी जुबान से छात्रों का आरोप है कि पढ़ाई नहीं करने की दशा में प्रायोगिक, अर्धवार्षिक सहित वार्षिक परीक्षा में फेल कर दिए जाने की हनक दी जाती है। जिसके चलते छात्र कोचिग में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कोचिग खोले शिक्षकों द्वारा विद्यालय की पढ़ाई में लापरवाही बरती जाती है। पूर्व में अभिभावक इसको लेकर कई बार विद्यालय प्रबंधन से शिकायत भी कर चुके हैं। बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। इससे कोचिग संस्था खोले शिक्षक निरंकुश होते जा रहे हैं। कोचिग संस्थान के संचालन से स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित होती है। बच्चों के कोचिग में पढ़ने के कारण अभिभावकों को अधिक दोहरा खर्चा उठाना पड़ता है। लोगो ने इस ओर जिला प्रशासन का ध्यान दिलाते हुए बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिग संस्थानों पर रोक लगाने की मांग की है। अवगत कराते चले कि बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिग संस्थानों का संचालन अवैध है। जबकि प्रशासन का कहना रहता है कि समय-समय पर जांच की जाती है। कुछ कोचिग संस्थानों के बाबत शिकायत मिली है। जांचकर इनके विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**जानिए कोचिंग रजिस्ट्रेशन के लिए क्या हैं मानक**- कोचिंग निबंधन के लिए कई मानक हैं। जिसके जांच के बाद रजिस्टर्ड किया जाता है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार कोचिंग संस्थान को किसी ट्रस्ट के अधीन होना चाहिए।

बच्चों के संख्या के अनुपात में जगह होना चाहिए

शौचालय और पेयजल की सुविधा होनी चाहिए

आकस्मिक चिकित्सा की सुविधा सेंटर में मौजूद हो

फर्स्ट एड का सारा सामान कोचिंग में उपलब्ध होना चाहिए

अग्निशमन की व्यवस्था होनी चाहिए, दमकल और वाहन जाने का रास्ता होना चाहिए

कोचिंग के फी स्ट्रक्चर आय-व्यय के वार्षिक लेखा-जोखा व अन्य विवरणी से जुड़ी कोचिंग के प्रोस्पेक्टस की सुविधा होनी चाहिए।

# दो दिवसीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का एसडीएम ने किया शुभारंभ

## पहले दिन वाराणसी के प्रतिभागियों का रहा दबदबा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। गजोखर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सोमवार से शुरू हुई दो दिवसीय क्षेत्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पहले दिन गजोखर (वाराणसी) के बालक व बालिकाओं का दबदबा रहा। ज्यादातर वर्ग के में विजेता भी रहे। एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा ने दीप प्रज्वलित व खिलाड़ियों का हाथ मिलाकर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहाकि हार से पीछे हटने नही बल्कि सीखने की जरूरत है। जिससे अपनी क्षमता व कमियों में सुधार कर जीत की ओर आगे बढ़ सके। बनारस (गजोखर) और हरदोई के बीच पहला मुकाबला हुआ। जिसमें बनारस के शुभम ने 32 किलो भार वर्ग में हरदोई के सुधांशु को हराया। शुभारंभ समारोह के दौरान नवोदय विद्यालय की छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत व सरस्वती बन्दना की प्रस्तुति की गई। स्वागत करते हुए प्राचार्य नागेश मिश्रा ने कहाकि क्षेत्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की कुल 12 टीमों के 120 बालक व बालिकाएं प्रतिभाग कर रही है। दो दिन तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले गुजरात मे होने वाले नवोदय के नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। समारोह का संचालन पूजा पाल व धन्यवाद ज्ञापन जे एन यादव व वर्षा यादव ने दिया। इस दौरान आल इंडिया नवोदय विद्यालय समिति के बॉक्सिंग इंचार्ज के एन मोहंती, एच के मिश्रा, डी के यादव, ए के सिंह, पप्पू सिंह , आर के यादव व कमलेश यादव समेत विभिन्न जिलों व उत्तराखंड से आये खेल शिक्षक उपस्थित रहे।



# वेंडिंग जोन हटाने पर यूपी सिंचाई विभाग द्वारा नोटिस दिए जाने के विरोध में रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों ने नोटिस की प्रतियां जलाकर आक्रोश प्रकट करते हुए किया जोरदार प्रदर्शन

प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना, राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली 2016 के नियम अनुसार उत्तराखंड सरकार के निर्देशन में हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा विकसित किए गए वेंडिंग जोन प्रथम न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन, द्वितीय रोड़ी बेलवाला महिला पिंक वेंडिंग जोन, तृतीय ज्वालापुर पुल जटवाड़ा पर बनाए गए वेंडिंग जोन को उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा निरस्त किए जाने की कार्रवाई पर नगर निगम प्रशासन को नोटिस दिए जाने के विरोध में लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अगुवाई में रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों ने भारी तादाद में त्रिशूल चौक से इकट्ठा होकर चंडी चौराहे तक उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया `प्रदर्शनकारियों ने चंडी घाट चौराहे पर यूपी सिंचाई विभाग द्वारा दिए जा रहे नोटिस की प्रतियां जलाकर आंदोलन की चेतावनी दी ` इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को अनावश्यक रूप से उत्पीड़ित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में पूरे भारतवर्ष के रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत मुख्यधारा में लाकर राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम के नियम अनुसार वेंडिंग जोन, हॉकिंग जोन के रूप में स्थापित किए जाने की कार्रवाई प्रचलन में है उन्होंने कहा उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा महिला उद्यमिता सहायता समूह और महिला स्ट्रीट वेंडर्स के संयुक्त गठजोड़ कर महिला पिंक वेंडिंग जोन के रूप में स्वरोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वेंडिंग जोन की कार्रवाई को निरस्त किए जाने का नोटिस देना राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम का घोर उल्लंघन है ` संजय चोपड़ा ने चेतावनी दी यदि शीघ्र ही सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा की जा रही कार्रवाई को स्थगित नहीं किया गया तो 25 जुलाई को सामूहिक रूप से उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग का घेराव कर अपनी न्याय संगत मांगों को दोहराया जाएगा` उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट कर नोटिस की प्रतियां जलाकर प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारियों में मनोज कुमार मंडल, मोहनलाल, जय सिंह बिष्ट, भूपेंद्र राजपूत, रणवीर सिंह, विजेंद्र चौधरी, वीरेंद्र कुमार, सचिन राजपूत, जोगिंदर सिंह, राकेश पाल, चंदन रावत, बलबीर सिंह गुप्ता, रमेश कुमार, अशोक शर्मा, मनीष शर्मा, नईम सलमानी, आजम अंसारी, नम्रता सरकार, सुनीता शर्मा, आशा देवी, सुमन गुप्ता, मंजू पाल, पार्वती देवी आदि सैकड़ों की तादाद में लघु व्यापारी शामिल रहे।



# संक्षिप्त खबरें

## चेन्नई के विद्यार्थियों को सिखाई गई मिलावट में जांच की प्रक्रिया

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय और गुरु नानक विद्यालय चेन्नई के संयुक्त तत्वाधान में दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन के तहत इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम बायोटेक्नोलॉजी में चल रहा है। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के निर्देशन में विश्वविद्यालय ने गुरु नानक कालेज चेन्नई के साथ समझौता किया गया। इसी के तहत सोमवार को चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। उन्हें खाद्य मिलावट पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी गई। प्रशिक्षण माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. ऋषि श्रीवास्तव द्वारा दिया गया। इसमें खाद्य पदार्थों में होने वाले मिलावट जो कि स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। उपरोक्त परीक्षण कोर्स में हल्दी, धनिया, जीरा, तेल, दूध, घी एवं अन्य खाद्य पदार्थों में प्रायः होने वाले मिलावट की जांच की प्रक्रिया विद्यार्थियों को सिखाई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. ऋषि श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के दौरान कई खाद्य पदार्थों में मिलावट पाई गई। ऐसे प्रशिक्षण से निश्चित है लोगों को जागरूक होने में सहायता मिलेगी। साथ में गुरु नानक देव महाविद्यालय की बायोटेक्नोलॉजी की विभागाध्यक्ष डॉ.भारती ने कहा काफी अच्छे माहौल में हमारे शिक्षार्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। उन्होंने यहां के शिक्षकों की सहयोगी भूमिका पर प्रसन्नता व्यक्त किया। इस दौरान प्रो. राजेश शर्मा, डॉ. एस पी तिवारी, डॉ. अवधेश कुमार मौर्य, डॉ. दिनेश कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

## शादी शुदा महिला को मोबाइल पर टिप्पणी करना पड़ा महंगा

### सर्विलांस से खोजकर आरोपित को भेजा जेल




प्रखर खेतासराय जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी शुदा महिला को व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक को रविवार को पुलिस ने आयरमानिस ढाबे से गिरफ्तार कर लिया । आरोपित सर्विलांस के इनपुट पर पुलिस के शिकंजे में आया। आईटीएक्ट समेत अन्य धाराओं में चालान न्यायालय भेज दिया। एसएचओ राजेश कुमार ने बताया कि थानां क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में एक युवक द्वारा अज्ञात नम्बर से एक विवाहित महिला को अश्लीलत कमेंट व्हाट्सएप पर भेजा गया । बार बार मना करने के बाद भी क्रम जारी रहा । परिजनों द्वारा थाना में शिकायत की गई जिस पर पुलिस ने तफ़्तीश को आगे बढ़ाया तो युवक की पहचान प्रकाश में आई । रविवार की दोपहर मय पुलिस फोर्स के साथ आरोपित मो हसन अस्करी पुत्र सालिम निवासी मिल्लत नगर शाहगंज को आयरमानिस ढाबे के पास से दबोच लिया । वह मूल रूप से कोहड़ा थाना पवई आजमगढ़ का निवासी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार यादव, कांस्टेबल संदीप कुमार सिंह, संदीप यादव समेत अन्य पुलिस के जवान शामिल रहे।

## दस्तक अभियान में घर घर जन सम्पर्क जारी

जौनपुर। संचारी रोगों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए और बीमारियों की जानकारी इकट्ठा करने के लिए आशा बहुओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर घर सम्पर्क किया जा रहा है। विकास खंड मछलीशहर की ग्राम पंचायत बामी में रविवार को आशा बहुओं ने घर घर सम्पर्क किया जिसमें उन्होंने लोगों से सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने, शौचालय में शौच करने तथा शौच के पश्चात साबुन से हाथ धोने और घरों के आस-पास गड्ढों में मिट्टी भर देने का आह्वान किया।खुले में रखे टायर, गमले तथा कूलर में लगातार पानी न इकट्ठा न होने देने की बात कही। जानवरों के बाड़े घर से दूर रखने घास और झाड़ियों की नियमित साफ सफाई की बात कही।आशा रेखा सिंह और केशरी यादव ने बताया कि 17 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले दस्तक अभियान के लिए उन्होंने पूरे गांव में भ्रमण के लिए माइक्रोप्लान तैयार किया है और प्रतिदिन 10 घरों को जाकर जन सम्पर्क कर रही हैं।

## 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के थाना सिंगरामऊ पुलिस द्वारा गो-तस्कर व 25हजार के इनामिया बदमाष को सवा किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण षैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना सिंगरामऊ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर धारा 3/5।8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम में वांछित व 25 हजार के इनामिया अभियुक्त -मो0 सोनू उर्फ जर्रार पुत्र मो0 गुज्जुर उर्फ मो0 हदीश निवासी मल्लुपुर थाना सिंगरामऊ जौनपुर हाल पता ठन्नु का घर ग्राम लेदरही थाना खेतासराय जौनपुर को गांजा के साथ रतासी मार्ग बह्द ग्राम बरैंया यादव बस्ती के पास से गिरफ्तार किया गया।

## दो पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा

जौनपुर। सिंचाई हेतु पाइप फैलाने को लेकर हुए विवाद में हुई मारपीट के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो पर दर्ज किया दलित उत्पीड़न का मुकदमा।तेजी बाजार थाना क्षेत्र के बरगदा भटौली निवासी बंसराजी ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि पूर्व में दर्ज दलित उत्पीड़न के मुकदमे में मेरा पति गवाह है। ऐसे में दूसरा पक्ष हमसे जलन रखता है। शुक्रवार को हम लोग सिंचाई के लिए पाइप फैला रहे थे। विपक्षी अजय व विजय यादव ने मौके पर पहुंचकर हमारा पाइप फेंक दिया।जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज देते हुए हमें मारपीट कर घायल कर दिया। ऐसे में पुलिस ने उक्त दोनों भाइयों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न एवं मारपीट का मुकदमा शनिवार को दर्ज कर लिया है।

## समर बहादुर अधिवक्ता कल्याण संघ के बने राष्ट्रीय सचिव

जौनपुर। दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता समर बहादुर यादव को अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण संघ का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया जिससे अधिवक्ता संघ और क्षेत्रीय लोगों ने उनका स्वागत कर खुशहाली जताई। समर बहादुर यादव ने कहा कि समाज के हित के लिए हमेशा तैयार रहेंगे संघ और संस्था के विचारों पर कटिबद्ध रहेंगे सिर्ष नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरेंगे । सभाजीत यादव पप्पू ,हरिश्चंद्र यादव,अवधेश यादव, राजू मौर्य,लाल साहब, अजय कुमार,सुरेश कुमार सहित लोग रहे।

## मासूम बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में

जौनपुर। पांच वर्षीय बालिका अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोसी एक किशोर उसे बहला-फुसलाकर उसे अपने घर में ले गया। जहां मुंह दबाकर उसके साथ बलात्कार करने लगा। इसी बीच बालिका की मां पहुंच गई। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की दोपहर को पांच वर्षीया बालिका से किशोर ने दुष्कर्म किया। इसी बीच बालिका की मां ने किशोर को पकड़ लिया। उसने किशोर को ऐसी हरकत करते देखा तो पुलिस को फोन कर घटना की पूरी जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर कोतवाली गई।

## हॉलीवुड फिल्म देखने को लेकर सुनक के घर हुई वोटिंग

**लंदन (आईएएनएस)।** वर्ल्डवाइड मैजिक क्रिएट कर रही फिल्म 'ओपेनहाइमर' और 'बार्बी' को लेकर ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की फैमिली में वोटिंग हुई कि वे इन दोनों में से पहले कौन-सी फिल्म देखें। सुनक ने बताया कि उनकी फैमिली ने मार्गोट रॉबी की फिल्म 'बार्बी' को पहले देखने के लिए वोट दिया। ऋषि सुनक ने थिएटर से अपने परिवार के साथ एक तस्वीर ट्विटर पर पोस्ट की। तस्वीर में उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति और उनकी बेटियां कृष्णा और अनुष्का नजर आ रही हैं, जिन्हें पिंक कलर की ड्रेस पहने हुए देखा जा सकता है। तस्वीर शेयर



करते हुए ऋषि सुनक ने लिखा, फैमिली का वोट केवल एक ही तरफ जा रहा था सबसे पहले बार्बी। आपको बता दें कि 'ओपेनहाइमर' के साथ-साथ 'बार्बी' रिलीज हुई, जिससे कई लोग दुविधा में पड़ गए कि पहले कौन सी फिल्म देखी जाए। क्रिस्टोफर नोलन द्वारा निर्देशित 'ओपेनहाइमर' एक थ्योरेटिकल फिजिसिस्ट जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर पर आधारित है, जिन्हें परमाणु बम के जनक के रूप में जाना जाता है। इसमें सिलियन मर्फी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि एमिली ब्लंट उनकी पत्नी का किरदार निभाया हैं। फिल्म में मैट डेमन, रामी मालेक, गैरी ओल्डमैन, जेसन क्लार्क और बेनी सफी जैसे अन्य कलाकार भी शामिल हैं।

## बेहतर और किफायती साबित हो रही है IVF तकनीक



**लखनऊ।**

आईवीएफ प्रक्रिया उन लोगों के लिए वरदान है जो कई सालों से गर्भधारण की कोशिश कर रहे है। लेकिन सफल नहीं हो पा रहे हैं। अगर फैलोपियन ट्यूब पूरी तरह से बंद है या फिर टीबी एंडोमेट्रियोसिस की वजह से नष्ट हो चुकी है तो एक ऐसा विकल्प है जिसकी मदद से गर्भधारण किया जा सकता है। इसके अलावा पुरुष में शुक्राणुओं की कमी, महिला में पीसीओडी की वजह से ओव्यूलेशन मे समस्या, एंडोमेट्रियोसिस या अन्य फर्टिलिटी ट्रीटमेंट, आईयूआई के फेल हो जाने पर डॉक्टर आईवीएफ की सलाह देते हैं। यह जानकारी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित सहारा हास्पिटल की हेड इनफर्टिलिटी एंड आईवीएफ विशेषज्ञ डा. ऋचा गंगवार ने 25 जुलाई होने वाले विश्व आईवीएफ दिवस के मद्देनजर दी। डा. ऋचा गंगवार कहती हैं कि अब यह तकनीक बेहतर किफायती साबित हो रही है। जिन दंपति मे बाँझपन का कोई कारण पता चल नहीं पाता है, वह भी द्वारा संतान का सुख प्राप्त कर सकते है। सरकारी निर्देशानुसार महिला की आयु 50 वर्ष और पुरुष की आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए । आमतौर पर, रोगियों को 8 से 10 दिनों के लिए इंजेक्शन दिए जाते है, लेकिन कुछ रोगियों के बाँझपन की समस्या की गंभीरता के अनुसार इससे ज्यादा समय के लिए भी दिए जा सकते है। इस प्रक्रिया के दौरान इंजेक्शन लगने पर एक महिला दर्द का अनुभव कर सकती है , क्योकि इंजेक्शन एक बहुत ही महीन सुई द्वारा दिया जाता है इसलिए दर्द कम होता है। एक सवाल कि क्या आई वी एफ बेबी सामान्य होते हैं, इस पर उन्होंने कहा कि हाँ, क्योंकि पूरी प्रक्रिया में बस फर्टिलाइजेशन की प्रक्रिया ही शरीर से बाहर की जाती है, बाकि गर्भधारण की पूरी प्रक्रिया साधारण यानि नेचुरल प्रेगनेंसी की तरह ही होती है। बच्चे का विकास उसी प्रकार होता है जैसे एक नार्मल प्रेगनेंसी में होता है।

35 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं के लिए आईवीएफ द्वारा गर्भवती होने में सक्षम होने का औसत 75 से 80 प्रतिशत है। हालांकि, जैसे जैसे महिला की उम्र बढ़ती है यह संख्या लगातार कम होती जाती है। पर आज के समय मे आधुनिक



**डॉ. ऋचा गंगवार**
हेड इनफर्टिलिटी एंड आई वी एफ सहारा हॉस्पिटल लखनऊ

उपकरणों व तकनीकों से यह सफलता दर और बढ़ गई है ।


आईवीएफ करने से पहले बच्चेदानी की अंदरूनी जाँच (हिस्ट्रोस्कोपी ) जरूरी होती है। कई बार (हिस्ट्रोस्कोपी) न होने की वजह से बच्चेदानी से जुड़ी समस्याओं का पता नहीं चल पाता जैसे बच्चेदानी का वह स्थान जहाँ भ्रूण स्थानांतरण के बाद चिपकता है वह स्थान सही है या नहीं। सबसे महत्वपूर्ण है स्वस्थ खान पान - भ्रूण स्थानांतरण के बाद पानी खूब अधिक मात्रा मे पिये ,पौष्टिक आहार लें, अधिक प्रदूषण से बचें धूम्रपान व शराब से बचें। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का तनाव होने से भ्रूण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तो महिला को तवान रहित रहना बहुत जरूरी है।

एक सवाल पूछा गया कि पीजीएस -प्री-इम्प्लांटेशन जेनेटिक स्क्रीनिंग क्या है, इसके जवाब में उन्होंने बताया कि प्री- इम्प्लांटेशन जेनेटिक स्क्रीनिंग का उपयोग यह आकलन करने के लिए किया जाता है कि भ्रूण में कोई दोष या कोई जन्मजात बीमारी तो नहीं है। पहले कुल 23 गुणसूत्रों में से केवल 5 गुणसूत्रों का ही विश्लेषण किया जा सकता है। लेकिन, हमारे सेंटर मे पीजीएस के साथ सभी 23 गुणसूत्रों का विश्लेषण किया जा सकता है जो भ्रूण कि प्रोफाइल में अधिक स्पष्टता देता है। इसलिए, इस तकनीक का उपयोग करके केवल सर्वोत्तम और अप्रभावित भ्रूणो को ही महिला के गर्भाशय में स्थानांतरित किया जाता है। ऐसा करने से आईवीएफ़ की सफलता की संभावना कई गुणा बढ़ जाती है।

### क्या है आईवीएफ विधि

इन विटरो फर्टिलाइजेशन को आईवीएफ कहते है। पहले इसे टेस्ट ट्यूब बेबी के नाम से जाना जाता था। इस ट्रीटमेंट में अल्ट्रासाउंड की मदद से महिला के अंडाणुओं को निकालकर लैब मे पुरुष के शुक्राणुओं से मिलाया जाता है। जब इसके संयोजन से भ्रूण बन जाता है तब उसे वापस महिला के गर्भ में रख दिया जाता है।

### विश्व आईवीएफ दिवस 25



■ विश्व आईवीएफ दिवस पर 25 जुलाई को सहारा हास्पिटल गोमतीनगर लखनऊ में निःशुल्क आईवीएफ शिविर लगाया जाएगा, इसमें निःशुल्क परामर्श सहारा हॉस्पिटल की हेड इनफर्टिलिटी एंड आई वी एफ की एक्सपर्ट डॉक्टर ऋचा गंगवार द्वारा दिया जाएगा और साथ ही मुफ्त अल्ट्रासाउंड और मुफ्त सीमेन एनालिसिस की भी सुविधा दी जाएगी। शिविर प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक चलेगा।

■ डॉक्टर गंगवार ने बताया कि इसमें पंजीकरण कराने पर आईवीएफ पैकेज में 51000 रुपये की छूट भी मिलेगी।

■ शिविर की अधिक जानकारी के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन नम्बर-0522-6780001/0002, 7379778827 एवं 9 बजे से 5 बजे तक 0522-6782146 पर सम्पर्क किया जा सकता है ।

सहारा इंडिया परिवार के वरिष्ठ सलाहकार अनिल विक्रम सिंह ने बताया कि हमारे माननीय अभिभावक सहाराश्री जी की प्रेरणा से सहारा हॉस्पिटल विश्व स्तरीय उच्च कोटि की सेवाएं देने के लिए निर्मित किया गया है जो नित अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहा है और हॉस्पिटल के आईवीएफ सेंटर में अत्याधुनिक लैब के उपकरण जर्मनी और जापान से आयात की गयी है। आईवीएफ के पश्चात गर्भवती महिला की डिलीवरी के लिए स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ एनस्थीसियोंलाजिस्ट ,बालरोग विशेषज्ञ व एनआईसीयू की सुविधा 24 घंटे एक ही छत के नीचे उपलब्ध है ।

## 'ओपेनहाइमर' में सेक्स सीन के साथ 'भगवदगीता' पढ़ने पर आक्रोश

■ **लॉस एंजेलिस (आईएएनएस)।**

फिल्म निर्माता क्रिस्टोफर नोलन की सिलियन मर्फी अभिनीत हालिया रिलीज फिल्म 'ओपेनहाइमर' के एक दृश्य सेक्स सीन में हिंदू पवित्र ग्रंथ भगवद गीता की एक पंक्ति दिखाई गई है, इससे लोग नाराज हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा यू/ए प्रमाणपत्र के साथ पारित इस फिल्म में रॉबर्ट ओपेनहाइमर के रूप में सिलियन मर्फी और जीन टैटलॉक के रूप में फ्लोरेंस पुघ के बीच एक सेक्स सीन है। फिल्म में पुघ संभोग के दौरान रुकता है, उठता है और बुकशेल्फ़ के पास जाता है, भगवद गीता की एक प्रति निकालता है और मर्फी से इसे पढ़ने के लिए कहता है। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, मर्फी ने भगवद गीता के उद्धरण मैं मौत बन गया हूं, दुनिया का विनाशक पढ़ा है, जिसे ओपेनहाइमर ने प्रसिद्ध रूप से तब सोचा था, जब पहला परमाणु बम विस्फोट किया गया था।

गौरतलब है कि 700 श्लोक वाली भगवद गीता भारतीय महाकाव्य महाभारत का एक हिस्सा है और इसमें अर्जुन और भगवान कृष्ण के बीच युद्ध के मैदान पर एक संवाद शामिल है, क्योंकि अर्जुन एक नैतिक दुविधा से गुज़र रहे थे। ओपेनहाइमर देखने के लिए भारतीय बड़ी संख्या में गए। इसके तुरंत बाद ही सोशल मीडिया पर विरोध शुरू हो गया। इनमें पत्रकार उदय माहुरकर भी शामिल थे, जिन्हें भारत सरकार ने 2020 में सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्त किया था। माहुरकर सेव कल्चर सेव इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक भी हैं। ट्विटर पर नोलन को संबोधित एक पत्र में माहुरकर ने फाउंडेशन की ओर से लिखा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि फिल्म ओपेनहाइमर में एक दृश्य है जो हिंदू धर्म पर तीखा हमला करता है।

सोशल मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, फिल्म के एक दृश्य में दिखाया गया है कि एक महिला एक पुरुष के साथ संभोग करते समय जोर-जोर से भगवत गीता पढ़ती है। उसने एक हाथ में भगवत गीता पकड़ रखी है, और दूसरे हाथ से अपने प्रजनन अंगों की स्थिति को समायोजित करती दिख रही है। गौरतलब है कि भगवत गीता हिंदू धर्म के सबसे प्रतिष्ठित ग्रंथों में से एक है। गीता अनगिनत संन्यासियों, ब्रह्मचारियों और महापुरूषों के लिए प्रेरणा रही है जो संयम का जीवन जीते हैं और निस्वार्थ महान कार्य करते हैं। हम एक वैज्ञानिक के जीवन पर इस अनावश्यक दृश्य के पीछे की प्रेरणा और तर्क को नहीं जानते हैं। लेकिन यह एक अरब सहिष्णु हिंदुओं की धार्मकि मान्यताओं पर सीधा हमला है, बल्कि यह हिंदू समुदाय पर युद्ध छेड़ने जैसा है और लगभग हिंदू विरोधी ताकतों की एक बड़ी साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है।




■ दृश्य को हटाने की मांग, विरोध प्रदर्शन शुरू

पत्र में कहा गया है कि हॉलीवुड इस तथ्य को लेकर बहुत संवेदनशील है कि कुरान और इस्लाम को किसी भी तरह से चित्रित नहीं किया गया है, जो एक आम मुस्लिम व ईसाई की मूल्य प्रणाली को ठेस पहुंचा सकता है, वही शिष्टाचार हिंदुओं के लिए भी क्यों नहीं बढ़ाया जाना चाहिए? पत्र में नोलन से दुनिया भर में अपनी फिल्म से इस दृश्य को हटाने का आग्रह किया गया और कहा गया, अगर आप इस अपील को नजरअंदाज करना चुनते हैं, तो इसे भारतीय सभ्यता पर जानबूझकर किया गया हमला माना जाएगा।

यह पहली बार नहीं है जब हॉलीवुड स्टूडियो की तस्वीर में भगवद गीता के उद्धरण का इस्तेमाल किया गया है। वैरायटी के अनुसार, स्टेनली कुब्रिक की 1999 की फिल्म आईज़ वाइड शटत्के एक तांडव दृश्य में पंक्तियां थीं सदाचारियों की सुरक्षा के लिए, बुराई के विनाश के लिए और धर्म की दृढ स्थापना के लिए, मैं जन्म लेता हूं और युग-युग तक पृथ्वी पर अवतरित होता हूं। हिंदू समूहों के विरोध के बाद, वार्नर ब्रदर्स ने साउंडट्रैक से पंक्तियों को संपादित किया।

## कान्हा ने नन्दबाबा और मां यशोदा को कराई थी चौरासी कोसी परिक्रमा

**मथुरा (वार्ता)।** कान्हा ने नन्दबाबा और यशोदा मां को ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा द्वापर में चातुर्मास में पड़ने वाले अधिक मास में कराई थी।

ब्रज में सभी तीर्थो के विराजमान होने के कारण हर साल चातुर्मास में ब्रज में चौरासी कोस की परिक्रमा करने की होड़ सी लग जाती है लेकिन इस बार चातुर्मास में ही श्रावण मास का अधिक मास होने के कारण इसका महत्व और बढ़ गया है। जनश्रुति के अनुसार अधिक मास में ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है क्योंकि अधिक मास को भगवान श्रीकृष्ण का माह कहा जाता है।

ब्रज के महान तपस्वी संत नागरीदास बाबा ने बताया कि अपनी उपेक्षा से दुःखी होकर एक बार अधिक मास भगवान विष्णु के पास गया और हाथ जोड़कर उसने उनसे अपनी उपेक्षा की व्यथा बताई। उसने कहा कि जहां अन्य माह के स्वामी है, वहीं अधिक मास का कोई स्वामी नहीं है। उसकी व्यथा सुनकर भगवान विष्णु ने अपने अवतार श्रीकृष्ण को बुलाया और उनसे अधिक मास का स्वामी बनने के लिए कहा जिसे भगवान श्रीकृष्ण ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। अधिक मास के स्वामी स्वयं भगवान श्रीकृष्ण है इसलिए इस माह में दण्डौती परिक्रमा, लोटन परिक्रमा या ठढ़ेसुरी परिक्रमा करने की होड़ सी लग जाती है लेकिन इस बार देश के विभिन्न भागों में बाढ़ का प्रकोप होने के कारण बहुत कम लोग ही ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा कर रहे हैं।

■ जनश्रुति के अनुसार अधिक मास में ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है क्योंकि अधिक मास को भगवान श्रीकृष्ण का माह कहा जाता है

ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा में चातुर्मास में सभी तीर्थो का वास होता है। मान्यता के अनुसार एक बार श्यामसुन्दर ने प्रयागराज की परीक्षा लेने के लिए प्रयागराज को बुलाया और उसे तीर्थो का राजा बनाया। श्यामसुन्दर ने प्रयागराज से कहा कि वे राधारानी के साथ रासलीला पर जा रहे है, इसलिए वे सभी तीर्थो पर नियंत्रण करें। कुछ समय बाद जब श्यामसुन्दर वापस लौटे तो उन्होंने तीर्थराज से पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा तो नही हुई। इस पर तीर्थराज ने कहा कि जहां सभी तीर्थो ने उसके आदेश का पालन किया वहीं मथुरा तीर्थ ने उसके आदेश का पालन नहीं किया। इस पर श्यामसुन्दर ने प्रयागराज से कहा कि उन्हें तीर्थो का राजा बनाया गया था लेकिन उसे अपने घर का राजा नहीं बनाया गया था। श्यामसुन्दर ने कहा कि मथुरा तीर्थ उनका घर है इसलिए उस पर किसी का अधिकार नहीं चलता।

इसके बाद प्रयागराज को अपनी भूल का अहसास हुआ और उन्होंने श्यामसुन्दर से अपनी भूल के लिए क्षमा मांगते हुए उनसे प्रायश्चित के रूप में सजा देने का अनुरोध किया तो श्यामसुन्दर ने उसे आदेश दिया कि वह सभी तीर्थो को लेकर चातुर्मास में ब्रज निवास करेगा। यही कारण है कि चातुर्मास में ही श्यामसुन्दर ने नन्दबाबा और मां यशोदा को ब्रज चैरासी कोस में स्थित सभी तीर्थो के दर्शन कराए थे।

ब्रज चौरासी कोस में केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री ,गंगोत्री, नीमसार मिश्रिक, सोमनाथ, जगन्नाथपुरी आदि सभी तीर्थ है जो चातुर्मास में ब्रज में ही विराजते है। इसी ब्रज चौरासी कोस में शेरगढ़ के पास पीरपुर गांव के बाहर चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग पर मां काली का सिद्ध मन्दिर है जिसमें द्वापर युग से अग्नि प्रज्वलित हो रही है तथा यहां पर नन्दबाबा और मां यशोदा ने देवी की पूजा आराधना अपनी तीर्थयात्रा के दौरान की थी। मथुराधीश और नवनीत प्रिया मंदिर जतीपुरा के महन्त के अनुसार बल्लभकुल सम्प्रदाय के मन्दिरों में चातुर्मास में वर्ष भर होने वाले होली, दीपावली, अन्नकूट जैसे त्योहार मनाए जाते है, इन्हे मनोरथ कहा जाता है तथा यह भक्त की सुविधा के अनुसार मनाये जाते है। बल्लभकुल सम्प्रदाय के द्वारकाधीश मन्दिर में होली का मनोरथ आज मनाया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने होली का आनन्द लिया।

## अमेरिका में Spotify का मंथली सब्सक्रिप्शन होगा महंगा

■ **सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)।**

म्यूजिक स्ट्रीमिंग जायंट स्पॉटिफाई अमेरिका में मंथली सब्सक्रिप्शन प्राइस को 1 डॉलर तक बढ़ाने की योजना बना रही है।

वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, अगले हफ्ते अमेरिका में सब्सक्राइबर्स के लिए कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा होने की उम्मीद है, जिसके बाद आने वाले महीनों में वैश्विक स्तर पर दर्जनों बाजारों में इसी तरह की बढ़ोतरी होगी। यह खबर सबसे पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल ने प्रकाशित की। 2011 के बाद से, स्पॉटिफाई ने अमेरिका में अपने 9.99 डॉलर प्रति माह ऐड-फ्री प्रीमियम प्लान में कोई बदलाव नहीं किया है। बढ़ोतरी के बाद, यूजर्स को प्रीमियम सर्विस के लिए प्रति माह 10.99 डॉलर का भुगतान करना होगा। रिपोर्ट के अनुसार, स्पॉटिफाई के सीईओ डैनियल एक ने पहले कहा था कि कंपनी एप्पल म्यूजिक जैसे प्रतिस्पर्धियों को जवाब देने के तौर पर अमेरिका में कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रही है। अक्टूबर में कंपनी की तीसरी तिमाही 2022 के अर्निंग कॉल पर उन्होंने कहा, जब हमारे प्रतिस्पधी अपनी कीमतें बढ़ा रहे हैं, तो यह वास्तव में हमारे लिए अच्छा है। इसके अलावा, एक ने कहा कि दुनिया के अब तक के सबसे बड़े म्यूजिक मार्केट अमेरिका में मेंबरशिप की कीमतें बढ़ाना उन चीजों में से एक है जो हम करना चाहते हैं और यह कुछ ऐसा है जिस पर हम अपने लेबल पार्टनर्स के साथ चर्चा करेंगे। मैं इन आने वालों सालों के बारे में अच्छा महसूस कर रहा हूं, और हमारी सर्विस के लिए मूल्य निर्धारण के बारे में विचार कर रहा हूं।

■ कंपनी बढ़ाएगी कीमत

एप्पल म्यूजिक ने अन्य बदलावों के साथ-साथ व्यक्तियों के लिए अपनी सब्सक्रिप्शन फीस को पिछली बार 10.99 डॉलर प्रति माह तक बढ़ा दिया था। फैमिली प्लान को दो डॉलर बढाकर 16.99 डॉलर प्रति माह कर दिया था। अमेजन म्यूजिक अनलिमिटेड ने अपनी मासिक दर बढाकर 10.99 डॉलर कर दी। इस हफ्ते, गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने नए और वर्तमान कस्टमर्स के लिए अमेरिका में प्रीमियम व्यक्तिगत योजना की कीमत में 2 डॉलर की वृद्धि की है।

## रौशन फैमिली पर बनेगी डॉक्यूमेंट्री!



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार राकेश रौशन अपनी फैमिली पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बना सकते है। बॉलीवुड मे चर्चा है कि राकेश रौशन अपनी फैमिली की लेगसी पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने जा रहे है। इस फिल्म का निर्देशन शशि रंजन करेंगे। इसमें 1947 से लेकर रोशन फैमिली की अब तक जर्नी के बारे में बात की जाएगी। डॉक्यूमेंट्री में रौशन फैमिली की तीन पीढ़ियों को दिखाया जाएगा। इस फिल्म में रौशन फैमिली की जर्नी ऋतिक के दादा संगीतकार रौशन से शुरू होगी। इसके बाद रौशन के दोनों बेटे राकेश रौशन और संगीतकार राजेश रौशन और पोते ऋतिक रौशन की जर्नी दिखायी जायेगी। माना जा रहा है कि इस डॉक्यूमेंट्री में कई और सुपरस्टार्स भी नजर आएंगे।

## अंकुश राजा का सावन स्पेशल गाना भोला जी रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** गायक अंकुश राजा का सावन स्पेशल गाना भोला जी रिलीज हो गया।

भोला जी गाना टी सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाना भोला जी को लेकर अंकुश राजा ने बताया कि भगवान शिव की भक्ति में जो सुकून है वह कहीं और नहीं। इसलिए उनका यह गाना महादेव के भक्तों को समर्पित है। हमारे गाने में महादेव के भक्त की कहानी को पिरोया गया है, जो सावन आते ही दिन रात उनकी भक्ति में डूबा रहता है। ऐसे महादेव के भक्तों के लिए यह गाना बेहद सटीक है। तभी दर्शक और श्रोता गण हमारे गाने को प्यार और आशीर्वाद दे रहे है। वो कहते है ना कि जिसके नाथ भोलेनाथ वह अनाथ नहीं होता है। हमारे इस गाने में हमने इस चीज को भी बखूबी दिखाया है जो अब हर लोगों की जुबान पर चढ़ चुका है। लेकिन हम उन लोगों से भी आग्रह करेंगे, जिन्होंने अब तक इस गाने को नहीं सुना है वह एक बार जरूर इसे ट्यून करें। गाना भोला जी को अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है।

## बल्ली भालपुर का गाना 'इंस्टाग्राम की तितली' रिलीज



**मुंबई (वार्ता)।** राजस्थान के सुप्रसिद्ध गायक बल्ली भालपुर का गाना 'इंस्टाग्राम की तितली' रिलीज हो गया है। बैसला म्यूजिक के डायरेक्टर, अजीत गुर्जर उर्फ अजीत बैसला, ने 'इंस्टाग्राम की तितली' को संगीत प्रेमियों के बीच प्रस्तुत किया है। 'इंस्टाग्राम की तितली' के लेखक शिवलाल बैसला ने भावपूर्ण शब्दों में गीत की गहराई को बयां किया है। म्यूजिक डायरेक्टर दोई ब्रदर ने इस गीत का संगीत रूपांतरित किया है। गाने के वीडियो के निर्देशक, सतीश नेनिवाल, ने गाने को एक रोचक कहानी के साथ जीवंत बनाया है।

## एक साथ दिखे पलक और इब्राहिम खान





**मुंबई (आईएएनएस)।** हिट ट्रैक 'बिजली बिजली' और सलमान खान अभिनीत 'किसी का भाई किसी की जान' में अपने काम से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री पलक तिवारी हाल ही में सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान के साथ एक फिल्म का आनंद लेते हुए देखी गई। दोनों को काले रंग के कपड़ों में देखा गया। पलक ने काले रंग के क्रॉप टॉप के साथ एक जैकेट और काले बॉटम्स पहने हुए थे, वहीं इब्राहिम ने सफेद टी-शर्ट, काली शर्ट और जींस पहनी हुई थी।

दोनों फिल्म देखने के लिए थिएटर में अलग-अलग पहुंचे लेकिन ऐसा लगता है कि दोनों एक साथ ही शो का आनंद ले रहे थे। एक फोटोग्राफर द्वारा इंटरनेट पर साझा किए गए एक वीडियो में इब्राहिम को पलक की जैकेट ले जाते हुए भी दिखाया गया है, जिससे यह पुष्टि होती है कि उन्होंने एक साथ फिल्म देखी है। इससे उनकी डेटिंग की अफवाहों को भी हवा मिल गई है।

स्क्रीनिंग से पहले इब्राहिम को मीडियाकर्मियों के साथ हंसी-मजाक करते हुए देखा गया, लिफ्ट छूटने के बाद उन्होंने मल्टीप्लेक्स में तैनात कैमरामैनों को भी चिढ़ाया जिससे उनका ध्यान भटक गया। इब्राहिम अली खान जल्द ही स्क्रीन पर अपनी शुरुआत करेंगे। उन्होंने आगामी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया है, जिसमें जया बच्चन, धर्मेंद्र, शबाना आजमी और कई अन्य लोगों की शानदार स्टारकास्ट के साथ आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

फिल्म का निर्देशन करण जौहर ने किया है जो इब्राहिम के पिता सैफ अली खान के करीबी माने जाते हैं और करीना कपूर खान के प्रिय मित्र हैं। पलक ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत 'किसी का भाई किसी की जान' से की, जिसमें उन्होंने जस्सी गिल के किरदार मोह की प्रेमिका की भूमिका निभाई है जिसे सलमान खान के मुख्य किरदार का भाई दिखाया गया है।

**खबर संक्षेप**

## आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 40% बढ़ा



**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने बताया कि जून 2023 तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 40 % बढ़कर 9,648 करोड़ रुपये हो गया। फंसे हुए कर्ज में कमी और ब्याज आय में सुधार से उसका मुनाफा बढ़ा। मुंबई स्थित ऋणदाता का एकल शुद्ध लाभ एक साल पहले इसी अवधि में 6,905 करोड़ रुपये था।

## यस बैंक के लाभ में 10 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) नियंत्रित यस बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ 343 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने बताया कि उसके फंसे हुए कर्ज में भारी कमी आई है। मुंबई मुख्यालय वाले निजी बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 311 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

## कोटक बैंक की आय पहली तिमाही में 67% उछली



**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक की एकल शुद्ध आय चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 67 प्रतिशत उछाल के साथ 3,452 करोड़ रुपये रही। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि संचयी आधार पर उसका लाभ 51 प्रतिशत बढ़कर 4,150 करोड़ रुपये रहा। इसमें ब्रोकरेज/आई-बैंकिंग, एआरसी धन प्रबंधन और बीमा व्यवसायों से शुद्ध लाभ शामिल है।

## तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार का रुख



**नई दिल्ली।** विदेशों में खाद्य तेलों की कीमतों में मजबूती के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह खाद्य तेलों के भाव में चौतरफा सुधार दर्ज हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतों में मजबूती देखने को मिली।

## डीएलएफ ने 2,040 करोड़ की संपत्तियां बेचीं



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून, 2023) में 2,040 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेचीं। कंपनी ने एक रिपोर्ट में बताया कि दिल्ली और गुरुग्राम स्थित उसकी संपत्तियों की भारी मांग रही। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी 2,040 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची थीं।

## शीर्ष पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 4,23,014.4 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक को हुआ। एचडीएफसी बैंक ने अपनी आवास वित्त मूल कंपनी एचडीएफसी का खुद में विलय पूरा किया है। एचडीएफसी बैंक बृहस्पतिवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गया। उसने इस मामले में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को पीछे छोड़ा है।

# भारत की टेस्ला के लिए कोई अलग नीति लाने की योजना नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार की अमेरिकी की इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला को प्रोत्साहन देने के लिए कोई अलग नीति लाने की योजना नहीं है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि टेस्ला वाहन या आधुनिक केमिस्ट्री सेल के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत समर्थन उपायों के लिए आवेदन कर सकती है। सरकार पहले ही 18,100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज के लिए पीएलआई योजना पेश कर चुकी है।

- सरकार पहले ही बैटरी स्टोरेज के लिए पीएलआई योजना ला चुकी

### मौजूदा योजनाओं के तहत टेस्ला को आवेदन करना होगा

#### केमिस्ट्री सेल विनिर्माण के लिए मांगी बोलियां

अधिकारी ने बताया कि टेस्ला को बैटरी की आपूर्ति करने वाली सबसे बड़ी आपूर्तिकर्ता पैनासोनिक के प्रतिनिधि हमसे मिले हैं। 'उन्होंने कहा है कि वे बैटरी बनाना चाहते हैं। हमने उन्हें पीएलआई एसीसी बैटरी के तहत आवेदन करने का सुझाव दिया है।'सरकार ने पिछले सप्ताह 20 गीगावॉट घंटा (जीडब्ल्यूएच) आधुनिक केमिस्ट्री सेल विनिर्माण की पीएलआई योजना के तहत नए सिरे से बोलियां मांगी हैं।



#### मूल्य के आधार पर 100 फीसदी तक सीमा शुल्क

अभी पूर्ण निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में आयातित कारों पर इंजन आकार और लागत, बीमा और दुलाई (सीआईएफ) मूल्य के आधार पर 60 से 100 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगता है। दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला इंक के प्रमुखएलन मस्क ने पिछले महीने न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी।

#### नीतियां सभी के लिए समान

इसके अलावा वाहन, वाहन कलपुर्जों और ड्रोन उद्योग के लिए 26,058 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना लाई गई है। अधिकारी ने कहा, 'हमने टेस्ला से कहा है कि जो नीतियां सभी के लिए पहले से हैं, वह भी उनके तहत आवेदन कर सकती है। उनका स्वागत है। आमतौर पर नीतियां सभी के लिए समान हैं। एक कंपनी के लिए सरकार अलग नीति नहीं बना सकती। ऐसे में अभी उनके साथ विशेष बर्ताव करने की कोई योजना नहीं है।'

#### टेस्ला ने आयात शुल्क में कटौती मांगी

टेस्ला के प्रतिनिधियों ने पिछले महीने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों से मिलने के लिए देश का दौरा किया था। अमेरिका की इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता ने 2021 में भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों पर आयात शुल्क में कटौती की मांग की।

### जून तिमाही में किया 298 करोड़ रुपए का निवेश

# गोल्ड ईटीएफ के प्रति फिर बढ़ा भारतीय निवेशकों का आकर्षण

- पिछले तीन तिमाहियों से निकासी देखने मिली
- निवेशक संपति का कुछ हिस्सा सुरक्षित निवेश में लगा रहे
- एक साल पहले के तुलना में निवेश 80 फीसदी घटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड कोषों (गोल्ड-ईटीएफ) में अप्रैल-जून की तिमाही में 298 करोड़ रुपये का निवेश आया है। इससे पिछली लगातार तीन तिमाहियों के दौरान गोल्ड ईटीएफ से निकासी देखने को मिली थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशक अपनी संपत्ति का कुछ हिस्सा सुरक्षित निवेश उत्पाद में निवेश करना जारी रखेंगे। हालांकि, यदि एक साल पहले की समान अवधि से तुलना की जाए, तो गोल्ड ईटीएफ में निवेश 80 प्रतिशत घट गया है।

#### मार्च तिमाही में 1243 करोड़ की निकासी

इससे पहले मार्च तिमाही में गोल्ड ईटीएफ से 1,243 करोड़ रुपये, दिसंबर तिमाही में 320 करोड़ रुपये और सितंबर तिमाही में 165 करोड़ रुपये की निकासी देखने को मिली थी। वहीं जून, 2022 को समाप्त तिमाही में गोल्ड ईटीएफ में 1,438 करोड़ रुपये का निवेश आया था।




#### निवेशकों का झुकाव सोने से जुड़े कोषों की ओर बढ़ा

गोल्ड ईटीएफ में फोलियो संख्या जून तिमाही में 1.5 लाख बढ़कर 47.52 लाख हो गई, जो एक साल पहले 46.06 लाख थी। इससे पता चलता है कि निवेशकों का झुकाव सोने से जुड़े कोषों की ओर बढ़ा है। इसके अलावा जून, 2023 में गोल्ड ईटीएफ के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) 10 प्रतिशत बढ़कर 22,340 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 20,249 करोड़ रुपये थीं।

#### शेयर बाजार की तुलना में सोने का प्रदर्शन कमजोर

सैंक्टम वेल्थ के प्रमुख-निवेश उत्पाद आलेख यादव ने कहा, पिछली कुछ तिमाहियों में गोल्ड ईटीएफ से निकासी की वजह दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ को समाप्त करना और स्थानीय शेयर बाजारों की तुलना में सोने का प्रदर्शन कमजोर रहना है।

#### सोने की कीमत ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रही

श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा सोने की कीमतें ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रही हैं, जो निवेशकों को किनारे पर रहने और निवेश के प्रति अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। पिछले कुछ साल में अपने शानदार प्रदर्शन से सोने ने निवेशकों की काफी आकर्षित किया है और फोलियो संख्या में लगातार बढ़ोतरी इसका प्रमाण है।

#### कुछ माह से गोल्ड ईटीएफ में निवेश सुस्त

मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में इस श्रेणी में प्रवाह धीमा हो रहा है। इसका मुख्य कारण निवेशकों का शेयर जैसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले परिसंपत्ति वर्ग की ओर झुकाव हो सकता है।

#### निवेशकों के खातों में हुई वृद्धि



एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन तिमाही में गोल्ड ईटीएफ का परिसंपत्ति आधार और निवेशक खातों या फोलियो की संख्या में वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष (2023-24) की अप्रैल-जून तिमाही में गोल्ड-ईटीएफ में 298 करोड़ रुपये का निवेश आया है।

# न्यूजेन सॉफ्टवेयर 500 लोगों की करेगी नियुक्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी न्यूजेन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज को चालू वित्त वर्ष में लगभग 20 प्रतिशत राजस्व वृद्धि का भरोसा है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत और एशिया-प्रशांत जैसे बाजारों की मजबूती से उन्हें मदद मिल रही है।

न्यूजेन सॉफ्टवेयर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वीरेंद्र जीत ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी अपनी व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करने के लिए इस साल 'कैंपस प्लेसमेंट' से लगभग 400-500 लोगों को भर्ती करने की योजना बना रही है। अमेरिका और यूरोप की जगह न्यूजेन उभरते बाजारों पर ध्यान केंद्रित करती है, जहां वृद्धि के लिए पर्याप्त अवसर हैं।




- कंपनी को 20 प्रतिशत राजस्व वृद्धि का भरोसा

# औद्योगिक-भंडारगृह स्थलों की मांग 12 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** देश के पांच प्रमुख शहरों में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में पट्टे पर औद्योगिक और भंडारगृह स्थलों की मांग सालाना आधार पर 12 प्रतिशत घटकर 40 लाख वर्ग फुट रह गई है।

रियल एस्टेट परामर्श फर्म कोलियर्स इंडिया ने यह जानकारी दी है। मुख्य रूप दिल्ली-एनसीआर और चेन्नई में मांग घटने से कुल मांग में गिरावट आई है। कोलियर्स इंडिया ने अप्रैल-जून, 2023 के लिए भारतीय औद्योगिक एवं भंडारगृह बाजार पर रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार, प्रमुख पांच शहरों में अप्रैल-जून में पट्टे पर इन स्थलों की मांग इससे पिछली तिमाही की तुलना में 44 प्रतिशत घटी है। आंकड़ों के अनुसार, पुणे में औद्योगिक और भंडारगृह स्थलों की मांग 15 प्रतिशत बढ़कर 10 वर्गफुट हो गई।

# अदाणी की तांबा परियोजना अगले साल मार्च से होगी शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह की गुजरात के मुंद्रा में स्थित तांबा फैक्ट्री अगले साल मार्च से परिचालन शुरू करेगी। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे आयात पर भारत की निर्भरता कम करने और ऊर्जा बदलाव में मदद मिलेगी।

तांबे को 'विद्युतीकरण की धातु' के रूप में जाना जाता है, क्योंकि गहरे विद्युतीकरण के लिए तारों की जरूरत होती है। ये तार आमतौर पर तांबे से बने होते हैं। ऊर्जा बदलाव की महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), चार्जिंग अवसंरचना, सौर फोटोवोल्टिक (पीवी), पवन ऊर्जा और बैटरी में तांबे की जरूरत होती है। समूह की कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की अनुषंगी कच्छ कॉपर लिमिटेड (केसीएल) दो चरणों में प्रति वर्ष 10 लाख टन परिष्कृत तांबे के उत्पादन के लिए एक तांबा रिफाइनरी परियोजना स्थापित कर रही है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि केसीएल ने चरण-1 में पांच लाख टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता के लिए वित्तपोषण हासिल कर लिया है।



- परियोजना पर 1.1 अरब डॉलर का होगा निवेश
- आयात पर भारत की निर्भरता कम करने में मिलेगी मदद

#### पहला चरण वर्ष अंत तक

पहला चरण वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक चालू होने की उम्मीद है। कुछ दिन पहले अदाणी ने भी कंपनी की सालाना आमसभा में कहा था कि यह परियोजना अपने तय समय के अनुसार चल रही है।

#### स्थानीय उत्पाद को भी रखा जाएगा

सीईओ ने आगे कहा कि स्टोर के एक खास हिस्से में स्थानीय कलाकारों और शहर की पहचान को बढ़ावा देने वाले उत्पादों को रखा जाएगा।

# रिलायंस रिटेल अपने ट्रेंड्स स्टोर्स को दे रही है नया रूप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस रिटेल ने कहा है कि वह युवा पीढ़ी के ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपने ट्रेंड्स फैशन स्टोर को नया रूप दे रही है। इसके तहत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के जरिये सेल्फ-चेकआउट काउंटर से लेकर इलेक्ट्रॉनिक शेल्फ लेबल तक नयी विशेषताएं जोड़ी जा रही हैं।

सेल्फ चेकआउट काउंटर की मदद से ग्राहक किसी परंपरागत बिक्री कर्मचारी के बिना खुद खरीदारी पूरी कर सकते हैं। रिलायंस रिटेल एक नयी ब्रांड पहचान के साथ पूरे भारत में लगभग 150 ट्रेंड्स स्टोर्स का नवीनीकरण कर रही है। कंपनी ने कहा कि स्टोर के बाहरी हिस्से से लेकर रोशनी, छत और फर्श तक को नयी सूरत दी जा रही है, जो खरीदारों के लिए अधिक आकर्षक होगा। देश के 1,100 से अधिक शहरों में ट्रेंड्स के 2,300 से अधिक स्टोर हैं। कंपनी ने सूरत में एक नयी ब्रांड पहचान के साथ अपना पहला ऐसा स्टोर खोला है और जल्द ही कई अन्य स्टोर खोलने की तैयारी है। कंपनी ने बताया कि भविष्य में रिलायंस रिटेल द्वारा खोले जाने वाले सभी ट्रेंड्स स्टोर इस नये प्रारूप पर आधारित होंगे।




- नई प्रौद्योगिकी का होगा इस्तेमाल
- सेल्फ-चेकआउट काउंटर जोड़े जाएंगे

## अप्रैल-जून में बिजली खपत बढ़कर 407 अरब यूनिट



**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत चालू साल की जून तिमाही में सालाना आधार पर 1.8 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 407.76 अरब यूनिट पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मुख्य रूप से कारण बेमौसम बारिश और बिपरजॉय चक्रवात की वजह से बिजली खपत में वृद्धि मामूली रही है। पिछले साल की जून तिमाही में बिजली की खपत 400.44 अरब यूनिट थी। 2021 की समान अवधि में यह 340.37 अरब यूनिट रही थी। 2022 की समान अवधि में बिजली की खपत इससे पिछले साल की तुलना में 17.6 प्रतिशत अधिक रही थी।

# थ्रेड्स के उपयोगकर्ताओं में आई गिरावट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा ने जब सोशल नेटवर्किंग मंच थ्रेड्स को पेश किया था, तो कुछ ही दिनों में इसके 10 करोड़ उपयोगकर्ता हो गए थे। इसके बाद इसे 'ट्विटर-किलर' जैसी उपाधियां दी गई थीं, लेकिन ट्विटर के अन्य प्रतिद्वंद्वियों की तरह थ्रेड्स का प्रभाव भी कम होता दिख रहा है। नए ऐप पर निगरानी रखने वाली फर्म सेंसर टॉवर ने संकेत दिया है कि इसकी चर्चा बहुत कम हो गई है और थ्रेड्स के सक्रिय उपयोगकर्ताओं में 20 प्रतिशत की कमी देखी गई है। ऐप पर बिताया गया औसत समय 20 मिनट से 50 प्रतिशत गिरावट के साथ 10 मिनट तक रह गया है।

इसी महीने थ्रेड्स के आने के तुरंत बाद ट्विटर पर ट्रैफिक में लगभग पांच प्रतिशत गिरावट आई थी। ट्विटर के मुकाबले लोकप्रियता हासिल करने और खोने में थ्रेड्स अकेली नहीं है। एलन मस्क के 44 अरब डॉलर से ट्विटर को खरीदने के तुरंत बाद मास्टोडॉन पर लाखों साइनअप हुए। बाद में मास्टोडॉन उपयोगकर्ताओं की रुचि बनाए रखने में विफल रहा है।



- उपयोगकर्ताओं में 20 फीसदी की कमी देखी गई
- थ्रेड्स के आने के बाद ट्विटर का ट्रैफिक गिरा

## हिमाचल में सेब अब किलो के हिसाब से बिकेंगे



**शिमला।** सेब की बिक्री पर भ्रम को खत्म करते हुए हिमाचल प्रदेश के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि सेब सहित सभी फल बक्सों के हिसाब से नहीं, बल्कि वजन (किलो) के हिसाब से बेचे जाएंगे। नेगी ने यह भी कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, 'उक्त मानदंडों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और आढ़तियों के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे और उल्लंघन के मामले में उन्हें मंडियों (फल बाजारों) से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने विभिन्न राज्यों के लोगों को हिमाचल प्रदेश आने और सेब खरीदने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि सेब का व्यापार करने के इच्छुक लोगों को लाइसेंस दिए जाएंगे, क्योंकि सरकार एकाधिकार समाप्त करना चाहती है।

### 2025 तक भारत में पेश करेगी पहला इलेक्ट्रिक वाहन

# पुराने कारों के बाजार में उतरेगी जापान की कंपनी लेक्सस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी लेक्सस की अगले साल भारत में पुरानी कारों (सेकंड हैंड) के कारोबार में उतरने की योजना है। कंपनी ने भारतीय बाजार में परिचालन के छह साल पूरे कर लिए हैं। जापानी की यह कंपनी अभी 23 बिक्री केंद्रों के माध्यम से अपने उत्पाद बेचती है।

कंपनी का इरादा अपने कुछ आउटलेट में बदलाव का है जिससे यह पुरानी कारों के बाजार में उतर सके। अपनी सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड कारों के लिए जानी जाने वाली लेक्सस का इरादा 2025 तक देश में अपना पहला इलेक्ट्रिक मॉडल पेश करने का है।

- कंपनी ने भारतीय बाजार में छह साल किए पूरे

#### ग्राहक पुरानी कार बेच नई खरीदना चाहेंगे

सोनी ने कहा, 'मुझे लगता है कि बहुत जल्दी संभवतः चालू साल की तीसरी तिमाही या अगले साल की शुरुआत में हम यह शुरू कर देंगे।' कंपनी ने छह साल पहले देश में वाहन बेचना शुरू किया था और अब ऐसे ग्राहक हो सकते हैं जो अपनी पुरानी कार को बेचकर नई कार खरीदना चाहेंगे।

#### कुछ आउटलेट बदल सकते हैं

कुछ केंद्रों को हम एकल आधार पर पुरानी कारों के आउटलेट में बदल सकते हैं।' कंपनी की इलेक्ट्रिक वाहन रणनीति के बारे में पूछे जाने पर सोनी ने कहा कि लेक्सस पिछले साल कुछ वाहन लेकर आई थी जिनका हमने विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में परीक्षण किया। इनपर हमने ग्राहकों की राय जानने का भी प्रयास किया।



#### 2035 तक पूर्ण इलेक्ट्रिक कार कंपनी बनेगी

अध्यक्ष ने कहा, हमें इस बारे में अच्छी जानकारी मिली है। 'हमें उम्मीद है कि 2025 तक हम भारत में अपना पहला इलेक्ट्रिक उत्पाद पेश कर सकेंगे।' लेक्सस जापान की टोयोटा की लक्जरी कार बनाने वाली इकाई है। लेक्सस का इरादा 2035 तक पूर्ण इलेक्ट्रिक कार कंपनी बनने है।

#### चुनिंदा आउटलेट पर ही यह कारोबार

लेक्सस इंडिया के अध्यक्ष नवीन सोनी ने कहा कि लेक्सस गंभीरता से एक संरचित पूर्व-स्वामित्व वाले पुरानी कारों के कार्यक्रम पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी डीलर भागीदारों की कारोबारी व्यवहार्यता के आधार पर कुछ चुनिंदा आउटलेट पर अपना यह कारोबार शुरू करेगी।

#### किया की बिक्री 10 फीसदी बढ़ने की उम्मीद

वाहन कंपनी किआ इंडिया को चिप की बेहतर आपूर्ति और बाजार में उन्नत सेल्टोस के आने से 2023 में अपनी बिक्री में सालाना आधार पर 8-10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। दक्षिण कोरियाई कार विनिर्माता ने 2022 में घरेलू और विदेशी बाजारों में कुल 3.4 लाख इकाइयों की बिक्री की थी। कंपनी भारतीय बाजार में कैरेंस, सोनेट और सेल्टोस मॉडल बेचती है।

## पेटीएम के पास साल अंत तक होगा नकदी प्रवाह



**नई दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड के तहत काम करने वाली फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को इस साल के अंत तक मुक्त नकदी प्रवाह की स्थिति में आने की उम्मीद है। पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने कंपनी के नतीजों पर एक चर्चा के दौरान कहा कि जून 2023 तिमाही में कंपनी की वृद्धि भुगतान, वित्तीय सेवाओं और वाणिज्य व्यवसाय में विस्तार के कारण हुई है। शर्मा ने कहा, 'हम साल के अंत तक मुक्त नकदी प्रवाह को सकारात्मक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है।

# सुपर 500 : सात्विक-चिराग बने कोरिया ओपन चैंपियन, जीता साल का चौथा खिताब

एजेंसी ▶▶| येओसु

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान आर्दियांतो की शीर्ष वरीय जोड़ी पर फाइनल में तीन गेम की जीत से कोरिया ओपन पुरुष युगल खिताब जीत लिया।

साल का चौथा फाइनल खेल रही दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने दो बार के विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता अल्फियान और आर्दियांतो की जोड़ी को सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में 17-21, 21-13, 21-14 से पराजित किया। इस तरह सात्विक और चिराग की 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन जोड़ी ने लगातार मैचों में जीत की संख्या 10 कर ली और अपनी उपलब्धियों में इजाफा किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल स्विस ओपन, एशियाई चैंपियनशिप और इंडोनेशिया ओपन जीता है।

इंडोनेशिया के फजर-रियान को
**17-21**
**21-13**
**21-14**
से हराया

**खिताब :** स्विस ओपन, एशियाई चैंपियनशिप, इंडोनेशिया ओपन, कोरिया ओपन



*'हम आज फाइनल में जिस तरह से खेले, हमने अच्छी शुरुआत नहीं की थी लेकिन खुश हैं कि हम दूसरा गेम जीतकर अंत तक इसी लय को जारी रख सके। हां, बहुत खुश हैं कि हम इंडोनेशिया ओपन के बाद लगातार खिताब अपने नाम कर सके।'*

**चिराग शेट्टी**

*'यह हमारे लिए काफी अच्छा हफ्ता रहा। हमने यहां पूरे सप्ताह शानदार बैडमिंटन खेला और मैं आज के अपने प्रदर्शन से खुश हूं। हम अगले हफ्ते जापान ओपन में भी यही लय जारी रखना चाहते हैं। इसलिए हम अभी आराम करेंगे और फिर अपना ध्यान लगाएंगे।'*

**सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी**

### भारतीय जोड़ी की उपलब्धियां

सात्विक और चिराग ने जोड़ी बनाने के बाद कई खिताब अपने नाम किए हैं जिसमें राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक, थॉमस कप का स्वर्ण पदक, विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक के अलावा सुपर 300 (सैयद मोदी और स्विस ओपन), सुपर 500 (थाईलैंड और इंडिया ओपन), सुपर 750 (फ्रेंच ओपन) और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 में जीत शामिल हैं।

### बीडब्लूएफ विश्व टूर

बीडब्लूएफ विश्व टूर छह स्तर में विभाजित होता है जिसमें विश्व टूर फाइनल्स, चार सुपर 1000 टूर्नामेंट, छह सुपर 750 टूर्नामेंट, सात सुपर 500 टूर्नामेंट और 11 सुपर 300 टूर्नामेंट शामिल होते हैं। टूर्नामेंट का एक अन्य वर्ग बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 100 स्तर है जिससे भी रैंकिंग अंक मिलते हैं।

## खबर संक्षेप



### करमन डब्लू60 इवान्सविले खिताब से एक कदम दूर

**इवान्सविले।** भारत की करमन कौर थांडी ने अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को सीधे सेटों में हराकर आईटीएफ महिला विश्व टेनिस टूर प्रतियोगिता डब्लू60 इवान्सविले के फाइनल में प्रवेश किया।तीसरी वरीयता प्राप्त थांडी ने शनिवार को सेमीफाइनल में केसलर को 6-3, 7-5 से हराया। फाइनल में भारतीय खिलाड़ी यूक्रेन की चौथी वरीयता प्राप्त यूलिया स्ट्रोडुबत्सेवा से भिड़ेगी। पिछले महीने डब्लू60 सम्टर फाइनल भी इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था जिसमें थांडी को 7-6(5), 5-7 4-6 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय खिलाड़ी इस बार उसका बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी।

### बल्लेबाजों ने खेलने का प्रयास नहीं किया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए उपयोग की जा रही पिच को बल्लेबाजी के लिए बेहद धीमी करार देते हुए शॉट



खेलने का प्रयास तक नहीं करने के लिए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की आलोचना की। वेस्टइंडीज दो मैचों की श्रृंखला में अभी 0-1 से पीछे है। उसने दूसरे टेस्ट में भारत के 438 रन के जवाब में तीसरे दिन रन बनाने के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं किए। कैरेबियाई टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 229 रन बनाए थे और वह भारत से 209 रन पीछे है।

### अल्कारेज की होपमैन कप में एक और जीत

**नीस।** विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्करेज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट में क्रोएशिया के विश्व में



15वें नंबर के खिलाड़ी बोर्ना कोरिच को 6-3, 6-7(6) 10-5 से हराया। कोरिच के खिलाफ शनिवार को खेले गए मैच में उन्होंने दो ब्रेक प्वाइंट बचाए। यह अल्करेज की लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने शुक्रवार को बेल्जियम के डेविड गॉफिन को हराया था। अल्करेज ने रेबेका मसारोवा के साथ मिलकर युगल मैच भी खेला लेकिन वह कोरिच और डोना वेकिच से 1-6, 6-4, 14-12 से हार गए।

### हरमनप्रीत पर लगा 75 फीसदी जुर्माना

**ढाका।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे



में अंपायर के साथ बहस के कारण जुर्माना लगाया गया है। हरमनप्रीत कौर ने गुस्से में अपने बैट को विकेट पर दे मारा था, जिस पर अब हरमनप्रीत कौर को मैदान पर अनुचित व्यवहार के कारण है मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

## क्रिकेट : भारतीय कप्तान 44 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट

# रोहित का 16वां टेस्ट अर्धशतक टीम इंडिया की बढ़त 300 पार

एजेंसी ▶▶| पोर्ट ऑफ स्पेन

भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। बारिश को देखते हुए दूसरी पारी में भारत ने तूफानी शुरुआत की थी। वेस्टइंडीज फॉलोऑन बचाने में कामयाब रहा था। ऐसे में रोहित और यशस्वी ने पहले विकेट के लिए 71 गेंदों में 98 रन की साझेदारी निभा डाली। कप्तान रोहित ने टेस्ट कॅरियर का 16वां अर्धशतक सिर्फ 35 गेंदों में लगाया। रोहित 44 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए।

बारिश और लंच के बाद के खेल में यशस्वी भी आउट हो गए। उन्हें वारिकन ने आउट किया। यशस्वी 30 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 38 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी ऑफ स्टंप के बाहर की गुड लेंथ बॉल को लाइन से क्रॉस करके स्वीप खेलना चाहते थे, लेकिन गति का सही अनुमान नहीं लगा सके और बॉल टॉप एज के साथ विकेटकीपर के सिर के ऊपर खड़ी हो गई। डा सिल्वा ने आसानी से कैच पकड़ा। भारत ने दूसरी पारी में समाचार लिखे जाने तक 22 ओवर के बाद दो विकेट गंवाकर 157 रन बना लिए थे। वेस्टइंडीज पर टीम इंडिया की कुल बढ़त 340 रन की हो गई थी।



### सिराज ने झटके पांच विकेट




वेस्टइंडीज की पहली पारी 255 के स्कोर पर सिमट गई। भारत ने अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए थे। इस तरह भारत को 183 रन की लीड मिली। भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके। वहीं, मुकेश कुमार और रवींद्र जडेजा को दो-दो विकेट मिले। वेस्टइंडीज ने रविवार को 26 रन ही जोड़ सके और पांच विकेट गंवा दिए। वेस्टइंडीज को सबसे पहला झटका एलिक अथानाजे के रूप में लगा। उन्हें डेब्यूटांट मुकेश ने एल्बीडब्लू आउट किया। अथानाजे 37 रन बना सके। इसके बाद सिराज का कहर देखने को मिला और बाकी चार विकेट लेकर विंडीज की पारी को समेट दिया। उन्होंने जेसन होल्डर (15) अल्जारी जोसेफ (4), केमार रोच (4) और शैनन गैब्रियल (0) को आउट किया। जोमेल वारिकन सात रन बनाकर नाबाद रहे।

### देवधर ट्रॉफी : गेंदबाजों के प्रदर्शन पर नजर

**पुडुचेरी।** देवधर ट्रॉफी की चार साल के बाद सोमवार को जब वापसी होगी तो भारतीय क्रिकेट जगत की नजरें उन तेज गेंदबाजों पर होगी जो आने वाले समय में सफेद गेंद के प्रारूप की राष्ट्रीय और 'ए' टीमों में अपनी जगह पक्की कर सकें। अगले 11 दिनों में दक्षिण क्षेत्र, उत्तर क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र, मध्य क्षेत्र और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ताओं को प्रभावित करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगायेंगे। शीर्ष स्तर के इस लिस्ट ए टूर्नामेंट के इस सत्र का महत्व इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि चार साल के बाद इसकी वापसी हो रही है।

# नागल बने टाम्पेरे ओपन चैंपियन, पांच टूर्नामेंट में चौथा चैलेंजर खिताब




**टाम्पेरे।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां चेक गणराज्य के डेलिबोर सिवरसिना को सीधे सेटों में हराकर टाम्पेरे ओपन का खिताब जीत लिया। नागल ने सिवरसिना को 6-4, 7-5 से पराजित किया। यह नागल का पांच टूर्नामेंट में चौथा एटीपी चैलेंजर खिताब है। यह उनका साल का दूसरा खिताब है। वह इससे पहले अप्रैल में रोम में गार्डन ओपन चैंपियन बने थे।


**सेट 1**

मैच में नागल की शुरुआत खराब रही। उन्होंने अपना पहली सर्विस गंवा दी और वह 0-3 और 1-4 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने हालांकि इसके बाद शानदार वापसी की और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की सर्विस को तीन बार तोडा। बेसलाइन से दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पहला सेट 6-4 से जीत लिया।

**सेट 2**

नागल इस लय को दूसरे सेट के शुरुआत में बरकरार रखने में सफल रहे। उन्होंने सिवरसिना की सर्विस को तोड़कर 4-1 की बढ़त हासिल कर ली। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिवरसिना ने इसके बाद वापसी की और स्कोर 3-5 और फिर 5-5 किया। नागल ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए सिवरसिना की सर्विस तोड 6-5 की बढ़त बनाई और और फिर आखिरी सेट को जीत कर एक घंटे 44 मिनट तक चले मुकाबले को अपने नाम किया।

# वर्ल्ड कप : स्वीडन ने दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से हराया



एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

अमांडा इलेस्टेड के 89वें मिनट में किए गए गोल से स्वीडन ने रविवार को यहां महिला फुटबॉल विश्व कप के ग्रुप जी के शुरुआती मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से जीत हासिल की। इससे दक्षिण अफ्रीका की टूर्नामेंट में पहला बड़ा उलटफेर करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

दक्षिण अफ्रीका ने हिल्दाह मिगाला के 48वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त बना ली थी जिससे स्वीडन की टीम दबाव में आ गई थी। लेकिन स्वीडन ने 64वें मिनट में फ्राइडोलिना रोल्फो के गोल से 1-1 से बराबरी हासिल की। मैच खत्म होने में महज एक मिनट का समय बचा था कि अमांडा ने कॉर्नर पर हेडर से गोल कर स्वीडन को जीत दिलाई।

### नीदरलैंड ने पुर्तगाल को 1-0 से हराया

**डुनेडिन।** स्टेफानी वान डर ग्राट के 13वें मिनट में हेडर से किए गए गोल की बदौलत नीदरलैंड ने महिला फुटबॉल विश्व कप में पुर्तगाल पर 1-0 से जीत हासिल की। स्टेफानी की योजना विश्व कप के बाद संन्यास लेने की है, इस 30 साल की खिलाड़ी का यह टूर्नामेंट का सबसे तेज गोल भी था। ग्रुप ई में अब नीदरलैंड का सामना गुरुवार को वेलिंगटन में अमेरिका से होगा। पुर्तगाल की टीम वियतनाम के सामने होगी।

### जमैका ने फ्रांस को बराबरी पर रोका



**सिडनी।** जमैका ने महिला फुटबॉल विश्व कप में हैरान करने वाला प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां फ्रांस को गोल रहित बराबरी पर रोक दिया। खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल फ्रांस को 90वें मिनट में गोल करने का सुनहरा मौका मिला लेकिन कादिदियातोउ दियानी का हेडर से लगाया शॉट क्रॉस बार से टकरा गया और टीम को एक अंक के साथ संतोष करना पड़ा। इस ड्रॉ के साथ जमैका ने टूर्नामेंट के इतिहास का अपना पहला अंक जुटाया।

## पेड्रो काचिन ने जीता स्विस ओपन खिताब


**गस्टाड।** अर्जेंटीना के पेड्रो काचिन ने रविवार को यहां फाइनल में एलबर्ट रामोस विनोलास को 3-6, 6-0, 7-5 से हराकर स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट खिताब जीत लिया। 90वीं रैंकिंग पर काबिज इस खिलाड़ी के करियर का यह पहला खिताब है जिसकी



बदौलत वह अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 54 की ओर पहुंच जाएंगे। गर्दन और टखने की चोट के कारण इस 28 साल के खिलाड़ी का करियर तेजी से आगे नहीं बढ़ सका, उन्होंने एक साल पहले पहली बार शीर्ष 100 में वापसी की थी। काचिन के नाम दूसरे टीयर के चैलेंजर टूर में छह करियर खिताब हैं।

## दहिया उलटफेर के शिकार

**नई दिल्ली।** ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि दहिया एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाएंगे क्योंकि रविवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में हुए ट्रायल्स में वह 57 किग्रा भार वर्ग में अतीश टोडकर से हारकर बाहर हो गए। दहिया को अपने उत्कृष्ट कौशल और दमखम के कारण 'मशीन' कहा जाता है और उनसे महाराष्ट्र के रहने वाले टोडकर के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। रविवार को उन्होंने कुछ शानदार अंक बनाए लेकिन टोडकर ने आखिर में उन्हें चित कर दिया। दहिया के मामले में ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है। टोडकर तब 20-8 से आगे चल रहे थे जब उन्होंने दहिया के कंधे को जमीन पर लगाया। टोडकर ने दहिया को लगातार चकमा दिया और अपने शानदार खेल से उलटफेर भरी जीत दर्ज की।



## थिरिमाने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**चेन्नई।** श्रीलंका के बल्लेबाज लाहिरु थिरिमाने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने 12 साल के कॅरियर में 44 टेस्ट, 127 एक दिवसीय और 26 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले। थिरिमाने ने श्रीलंका की तरफ से तीन टी20 विश्वकप में भाग लिया जिनमें 2014 का विश्वकप भी शामिल है जिसमें उनकी टीम चैंपियन बनी थी। इसके अलावा उन्होंने दो वनडे विश्व कप में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने पांच वनडे में श्रीलंका की कप्तानी भी की। थिरिमाने ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, 'एक खिलाड़ी के रूप में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। मैं इस खेल का सम्मान करता हूं और मैंने अपनी जिम्मेदारी इमानदारी से निभाई।

# भारत को हराकर पाकिस्तान बना एमर्जिंग एशिया कप चैंपियन

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

तैयब ताहिर की 108 रन की आक्रामक पारी के बाद वामहस्त स्पिनर सूफियान मुकीम की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ए ने एमर्जिंग एशिया कप एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ए को 128 रन से शिकस्त देकर अपने खिताब का बचाव किया। गत चैंपियन पाकिस्तान ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 352 रन बनाने के बाद भारतीय पारी 40 ओवर में 224 रन पर समेट दी।



### चौथा टेस्ट ड्रॉ, ऑस्ट्रेलिया के पास रहेगी एशेज ट्रॉफी

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मुकाबला ड्रॉ रहने के साथ एशेज ट्रॉफी बरकरार रखी। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली है जबकि अब सिर्फ एक मैच खेला जाना बाकी है। इंग्लैंड श्रृंखला जीतने की स्थिति में ही एशेज अपने पास रखता।

## गर्मियों में श्रीनगर जाने का बना रहे हैं प्लान, तो इन होम स्टे में रुककर यादगार बनाएं वेकेशन

जम्मू कश्मीर का श्रीनगर अपनी हसीन वादियों और खूबसूरत वादियों के लिए सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी फेमस है। हर महीने लाखों देशी और विदेशी सैलानी घूमने के लिए श्रीनगर पहुंचते हैं। हालांकि श्रीनगर घूमना तो सभी को बेहद पसंद है, लेकिन जब यहां पर रुकने की बात होती है तो कुछ ज्यादा ही पैसे खर्च करने पड़ते हैं। बता दें कि कई बार श्रीनगर में छोटे से कमरे के लिए आपको पांच से सात हजार रुपए तक देने पड़ते हैं। खर्च ज्यादा होने के कारण अधिकतर लोग श्रीनगर घूमने का प्लान ड्रॉप कर देते हैं। ऐसे में अगर आप भी श्रीनगर घूमने का प्लान ड्राप करने वाले हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। हम आपको इस आर्टिकल में श्रीनगर में मौजूद कुछ ऐसे होम स्टे के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप कम पैसे में भी अपनी छुट्टियों को मजेदार बना सकते हैं। श्रीनगर में नौपोरा लिंक के पास मौजूद अल अमीन होम स्टे रुकने की बेहतरीन जगह में से एक है। यह होमस्टे शानदार दृश्यों के अलावा बेहतरीन मेहमान नवाजी के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आपको सस्ता कमरा आसानी से मिल जाएगा। इसके साथ ही आप यहां पर बेहतरीन कश्मीरी व्यंजनों का भी लुत्फ कम पैसों में उठा सकते हैं। अल अमीन होम स्टे में नहाने के लिए गर्म पानी की सुविधा भी मिलती है। बता दें कि यहां पर आपको करीब 1200 रुपए में अपना रूम बुक कर सकते हैं। बता दें कि श्रीनगर का हाउसबोट होम स्टे काफी फेमस है। श्रीनगर घूमने आने वाले सैलानियों का सपना होता है कि वह किसी हाउसबोट में रुकें। हार्डी पैलेस हाउसबोट अपनी शानदार सुविधाओं के लिए काफी फेमस है। यहां पर वाईफाई से लेकर गाड़ी पार्किंग की सुविधा भी मौजूद है। यहां पर आप करीब 1000 रुपए में अपना रूम बुक कर सकते हैं।

## अफगानिस्तान में बाढ़ से 26 की मौत, 40 से ज्यादा लापता

**काबुल।** दुनिया के कई हिस्सों में बाढ़ ने तबाही मचाई है। अफगानिस्तान भी इससे अछूता नहीं है। यहां मूसलाधार बारिश के बाद आई बाढ़ के कारण 26 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 40 से अधिक लोग लापता हैं। बाढ़ के कारण लापता हुए लोगों की तलाश की जा रही है। राहत और बचाव के लिए टीमें लगी हुई हैं। मूसलाधार बारिश के कारण रेस्क्यू अभियान में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने रविवार (23 जुलाई) को कहा, काबुल के पश्चिम में मैदान वार्डक प्रांत के जलरेज जिले में शनिवार देर रात अचानक आई बाढ़ के बाद लगभग 40 लोग लापता हैं।

## 14 महिलाओं के जासूसी में लिप्त होने का अलर्ट जारी

**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी)।** पबजी पार्टनर के प्यार की खातिर भारत में आने का दावा करने वाली सीमा हैदर की आईबी के इनपुट के बाद संबंधित एजेंसियां जांच कर रही हैं। खास बात यह है कि सीमा हैदर के खुलासे से पहले प्रदेश के अभिसूचना विभाग ने भारतीय नाम वाली 14 महिलाओं के जासूसी में लिप्त होने का अलर्ट जारी किया था। छद्म नाम वेश की ये महिलाएं पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) विंग के इशारे पर सोशल मीडिया पर भारतीयों से जुड़कर जासूसी व ब्लैकमेलिंग लिप्त बताई जा रही हैं। इसे देखते हुए पुलिस भी खासी अलर्ट है।

## राज ठाकरे के बेटे अमित को टोल पर रोका गया

**नासिक, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नासिक में राज ठाकरे की पार्टी महा नवनिर्माण सेना के समर्थकों ने एक टोल प्लाजा में तोड़-फोड़ कर दी। घटना रविवार रात 2 बजकर 30 मिनट की है। दरअसल, राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे शनिवार को मुंबई जा रहे थे। इस दौरान रात में लगभग 9.15 बजे सिन्नार में गोंडे टोल प्लाजा पर फास्टैग में गड़बड़ी के चलते उन्हें कुछ देर के लिए रोक दिया गया। इससे गुस्साए एनएनएस कार्यकर्ताओं ने रात में टोल बूथ पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। टोल केबिनों के कांच तोड़ दिए गए।

## मेक्सिको में आगजनी में 11 लोगों की मौत, चार घायल

**मैक्सिको सिटी (एजेंसी)।** मेक्सिको के उत्तरी राज्य सोनोरा के सीमावर्ती शहर सैन लुइस रियो कोलोराडो में एक बार में आगजनी के बाद कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोनोरा अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि यह घटना शनिवार सुबह उस समय हुई जब कथित तौर पर नशे में धुत एक अज्ञात व्यक्ति ने कर्मचारियों द्वारा बाहर निकाले जाने के बाद कैंटीना के दरवाजे पर एक जलती हुई वस्तु फेंक दी।

## विदेशी नागरिक से बिना वसूला जुर्माना, पुलिसकर्मी सस्पेंड

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को दर्शाते हुए अपने एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया। आरोप है कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने एक कोरियाई नागरिक से 5000 रुपए का जुर्माना वसूला और उस शख्स को जुर्माने की कोई रसीद भी नहीं दी। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी कोरियाई शख्स से यातायात के उल्लंघन के लिए 5000 रुपए की राशि जुर्माने के तौर पर देने के लिए कहता है। हालांकि वह शख्स 500 रुपए की पेशकश करता है। इस पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी उस कोरियाई व्यक्ति को 500 रुपए नहीं बल्कि 5000 रुपए देने के लिए समझाता है।

## आज का इतिहास

- **1758:** अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन उत्तरी अमेरिका की पहली असेंबली वर्जीनिया हाउस ऑफ बर्जेसेज में शामिल हुए।
- **1793:** फ्रांस ने कॉपीराइट कानून बनाया।
- **1830:** चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
- **1911:** हैरम बेहन द्वारा माया सभ्यता के लुप्त शहर माचुपिच्चु को खोज निकाला गया।
- **1911:** भारत के प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पन्नालाल घोष का जन्म 24 जुलाई को हुआ।
- **1935:** ब्रिटेन में पहला बधाई टेलीग्राम भेजा गया।
- **1938:** इंस्टेंट कॉफी की खोज हुई।
- **1969:** अपोलो-11 सफलता पूर्वक प्रशांत महासागर में उतरा।
- **1989:** भारत में लोकसभा में 73 विपक्षी सदस्यों ने बोफोर्स तोप के मुद्दे पर सदन से इस्तीफा दे दिया और जिसे स्वीकार कर लिया गया।

# राफेल में स्वदेशी हथियार चाहती है वायुसेना



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना ने फ्रांस की एविएशन कंपनी दसॉ से राफेल लड़ाकूविमान में अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल जैसे स्वदेशी हथियारों को लगाने को कहा है। इस कदम को डिफेंस एरिया में 'मेक इन इंडिया' के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि इसके बाद भारत में बने हथियारों के लिए ग्लोबल मार्केट खुल जाएगा। राफेल फाइटर प्लेन को 2020 में एयरफोर्स में शामिल किया गया था। भारत के पास फिलहाल 36 राफेल हैं। दसॉ 90 देशों में 10 हजार से ज्यादा फाइटर प्लेन सप्लाई करती है। भारत के अलावा फ्रांस, मिस्र, कतर के पास भी राफेल हैं। वहीं, ग्रीस, क्रोएशिया, यूएई और इंडोनेशिया ने राफेल के लिए ऑर्डर दिए हैं।

**स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन लगाने की मांग** न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने दसॉ एविएशन से स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन (एसएएडब्ल्यू) और अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल जैसे भारत में बने हथियारों को राफेल के साथ असेंबल करने के लिए कहा है। इन हथियारों को डीआरडीओ ने बनाया है। इन मिसाइलों और बमों के अलावा आने वाले समय में प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों के लंबी दूरी के ग्लाइड बमों और कई स्वदेशी हथियारों को राफेल में फिट करने की प्लानिंग है।

### सुखोई में हो रहा है भारतीय हथियारों का इस्तेमाल

इंडियन वेपन सिस्टम का इस्तेमाल पहले से ही सुखोई (एस-30 एमकेआई) और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस में हो रहा है। अधिकारियों ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों ने ऐसी मिसाइलें और बम भी बनाए हैं, जो लंबी दूरी से वार कर सकते हैं और राफेल पर लगाए जा सकते हैं।

### अस्त्र और एसएएडब्ल्यू की खासियत...

अस्त्र हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी रेंज 100 किमी है। अस्त्र मार्क-2 में इस रेंज को 160 किमी तक बढ़ाया जाएगा। इसका एडवांस्ड वर्जन 300 किमी की मारक क्षमता वाला होगा। स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन यानी एसएएडब्ल्यू 100 किमी से ज्यादा दूरी तक का टारगेट भी भेद सकता है। इसका भी एडवांस्ड वर्जन डेवलप किया जा रहा है।

### एयरफोर्स के बाद नेवी के लिए भी खरीदे जा सकते हैं 26 राफेल

भारत नेवी के लिए फ्रांस से 26 राफेल-एम यानी मैरीटाइम लड़ाकू विमान खरीद सकता है। नौसेना ने पिछले दिनों औपचारिक रूप से रक्षा मंत्रालय को 5 से 6 बिलियन डॉलर यानी 41 से 49 हजार करोड़ रुपए में राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के अपने इरादे के बारे में बताया था।

### मुंबई में बाबूभाई ढाकन अस्पताल के उद्घाटन पर बोले मोहन भागवत

# रोटी, कपड़ा और मकान ही नहीं शिक्षा और स्वास्थ्य भी जरूरी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि देश में अभी जो अच्छी चीजें हो रही हैं, उनकी चर्चा बुरी चीजों की तुलना में 40 गुना ज्यादा होती है। साथ ही कहा कि आज के दौर में सिर्फ रोटी, कपड़ा और मकान ही नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य भी आज के समाज में जरूरी हो गया है।



वह महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की उपस्थिति में उत्तरी मुंबई के कांदिवली उपनगर में धनकुवरबेन बाबूभाई ढाकन अस्पताल (सुवर्णा अस्पताल) का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। मोहन भागवत ने कहा कि कई बार नकारात्मक चर्चाएं सुनने को मिलती हैं, लेकिन जब हम देश भर में घूमते हैं और देखते हैं, तो हमें पता चलता है कि भारत में होने वाली बुरी चीजों की तुलना में जो अच्छी चीजें हो रही हैं, उनके बारे में 40 गुना अधिक चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि आज देश के उत्कर्ष का कारण सरकार की नीतियां और सरकार में जिम्मेदार लोग हैं। साथ ही कहा कि चीज़ें इसलिए भी सुचारू रूप से चल रही हैं, क्योंकि कुछ लोग कुछ नहीं करते हैं। अगर वे काम करेंगे तो दिक्कतें होंगी। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि लोगों में भारत को गौरव हासिल करते देखने की इच्छा 40 साल पहले की तुलना में आज अधिक प्रबल है। हम बढ़ रहे हैं, लेकिन हम अभी भी उतने शक्तिशाली नहीं हैं।

### पीएम मोदी की किताब के अनुवाद के विमोचन पर बोले भागवत- आरएसएस ने कभी हिंसा स्वीकार नहीं की


आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि क्या अच्छा है या क्या बुरा है, इसका निर्णय करने का पैमाना क्या है? एक चीज़ है जो दिखाई देती है और एक चीज़ है जो वास्तव में घटित होती है। कोई इसे ऐसा दिखा सकता है जैसे यह किया गया है, भले ही यह नहीं किया गया हो। उन्होंने कहा कि हमारे मामले में दोनों चीजें महत्वपूर्ण हैं। (अच्छे) काम करना और यह दिखाना कि अच्छे काम किए गए हैं, भागवत ने द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने से पहले एडॉल्फ हिटलर के विदेश मंत्री वॉन रिबेंट्रोप की इंग्लैंड यात्रा को याद किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों को पता था कि वह उनकी (युद्ध) तैयारियों को देखने आए थे, उन्होंने कार्डबोर्ड विमान बनाए और लोगों को सैनिकों की वर्दी में रखा। ऐसा करके उन्होंने जर्मनों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि वे मजबूत हैं।

### शिव का अभिषेक करने गंगाजल ले जाते भक्त



प्रयागराज में रविवार को 'अधिक मास' व श्रावण महीने के दौरान भक्त भगवान शिव को चढ़ाने के लिए गंगा नदी के पवित्र जल से भरे बर्तन (कावड़) ले जाते हुए।

## संसद ठप करने का कोई बहाना उचित नहीं: धनखड़



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि संसद को हर पल ठप करना उचित नहीं है और प्रश्नकाल नहीं होने को कभी भी तर्कसंगत नहीं ठहराया जा सकता।श्री धनखड़ ने यहां जामिया मिलिया इस्लामिया के शताब्दी वर्ष के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि असहमति लोकतांत्रिक प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन असहमति को शत्रुता में बदलना लोकतंत्र के लिए अभिशाप से कम नहीं है। यह'विरोध 'प्रतिशोध' में नहीं बदलना चाहिए और बातचीत तथा चर्चा ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है ।उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र पूरी तरह से संवाद, चर्चा, विचार-विमर्श और बहस के बारे में है तथा व्यवधान और गड़बड़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि लोकतंत्र में अशांति को हथियार बनाया जा रहा है।

## नहर में कार गिरने से पांच की मौत: पानी में तड़पते रहे लोग, ऊपर सड़क पर तलाश करके लौट गए परिजन

एटा। उत्तर प्रदेश के एटा में सोमवार की सुबह कार नहर में गिर गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। घर से निकलने के करीब डेढ़ घंटे बाद ही सभी के मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गए। परिजन को किसी अप्रिय घटना की आशंका हुई। इस पर तीन गाड़ियां लेकर अलग-अलग मार्गों पर वह तलाश में जुट गए। जिस मार्ग पर नहर में कार डूबी हुई थी, वहां से यह लोग आगे बढ़ गए। अंदेशा भी नहीं था कि कार नीचे नहर में है। साथ ही रात की वजह से वहां अंधेरा भी था। मृतक के भाई सुभाष ने बताया कि रात करीब 10.40 बजे भैया-भाभी, चाचा-चाची कार में बैठकर गांव से एटा के लिए निकले थे। एटा में पीपल अड्डा पर भाभी के मामा प्रो. मोरन सिंह रहते हैं। उनसे किसी चिकित्सक से इलाज कराने की बात हुई थी। इस पर सभी लोग पहले उनके घर पर ही जा रहे थे। रात करीब 12 बजे हम लोगों ने जानकारी करने के लिए पहले भैया को फोन मिलाया तो वो स्विच ऑफ बता रहा था। इसके बाद चाचा, चालक शिवम को भी फोन किया। लेकिन सभी के फोन बंद मिले। इस पर अप्रिय घटना की आशंका पैदा हो गई। घर के सभी लोगों को जगाकर बताया। आसपास के लोग भी आ गए। तीन गाड़ियां मंगाकर हम लोग अलग-अलग मार्गों पर तलाश में निकल पड़े। एक गाड़ी अमांपुर-एटा रोड पर भी गई थी। जिस पर यह नहर पड़ती है। लेकिन, हम लोगों को ऐसा कोई आभास नहीं था कि कार नहर में गिरी होगी। सड़क और इसके किनारे देखते हुए हम लोग आगे बढ़ते जा रहे थे। पूरी रात हम लोग सड़कों और थाने के चक्कर काटते रहे। लेकिन परिजन का कुछ पता नहीं लगा। सोमवार सुबह 5 बजे पुलिस ने ही खबर दी कि बताई गई कार नहर में गिरी हुई मिली है।

## श्री राम की 108 फीट प्रतिमा का शिलान्यास

**अमरावती, (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आंध्रप्रदेश के कुरनूल में भगवान श्री राम की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि रविवार को कुरनूल के मंत्रालयम गांव में 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत की श्री राम की भव्य पंचलोहा प्रतिमा का शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि मंत्रालयम में स्थापित यह 108 फीट ऊंची प्रभु श्री राम की प्रतिमा युगों-युगों तक समग्र दुनिया को हमारे सनातन धर्म का संदेश देगी और वैष्णव परंपरा को देश और दुनिया में मजबूत करेगी। 108 हमारी हिन्दू संस्कृति में बहुत ही पवित्र संख्या है। श्री शाह ने कहा कि तुंगभद्रा नदी के किनारे स्थित मंत्रालयम गाँव में 10 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ यह प्रोजेक्ट ढाई साल में पूरा होगा।

## किसान को धमकी देकर लूटे 2 हजार किलो टमाटर

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में 8 जुलाई को 2 हजार किलो टमाटर से भरे ट्रक को लूटने के मामले में कर्नाटक पुलिस ने एक कपल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कपल की पहचान वेल्लोर के रहने वाले भास्कर और उसकी पत्नी सिंधुजा के रूप में हुई है। मामले में तीन अन्य आरोपी रॉकी, कुमार और महेश की तलाश जारी है।



■ चेन्नई में बेचे, कपल अरेस्ट

**किसान को गाड़ी से धकेल दिया था:** उन्होंने किसान से पैसों की मांग की और धमकाया। इसके बाद पैसे ट्रांसफर करवा लिए। वे किसान के साथ ट्रक में सवार हो गए। बाद में बदमाशों ने किसान को जबरदस्ती बाहर धकेल दिया था और टमाटर लदा ट्रक लेकर फरार हो गए। किसान ने इसकी शिकायत पुलिस में की थी।

**चेन्नई ले जाकर बेचे टमाटर :** आरोपी ट्रक लेकर चेन्नई गए थे और वहां टमाटर बेचे थे। जब उन्होंने देखा कि ट्रक लूट की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है तो उन्होंने ट्रक को वापस लाकर पीन्या और बेंगलुरु के पास पार्क कर दिया।

## आलोक अराधे बने तेलंगाना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश



**हैदराबाद, (एजेंसी)।** न्यायमूर्ति आलोक अराधे ने रविवार को यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने न्यायमूर्ति आलोक अराधे को पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के चंदशेखर राव, मुख्य सचिव शांति कुमारी, डीजीपी अंजनी कुमार और अन्य लोग शामिल हुए।

हाल ही में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आलोक अराधे को तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने का आदेश जारी किया है।

### मप्र हाईकोर्ट में भी दी सेवाएं

उन्होंने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश स्वर्गीय न्यायमूर्ति जी.पी.सिंह के साथ एमपी जैन और एसएन जैन द्वारा प्रशासनिक कानून के सिद्धांतों के 5 वें और 6 वें संस्करण को संशोधित किया। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करने के लिए न्यायिक अधिकारी प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में भी कार्य किया।अपने प्रैक्टिस के दौरान उन्होंने जबलपुर में मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय में सिविल और संवैधानिक, मध्यस्थता और कंपनी मामलों को संभाला।

## एनआईए ने तीन आतंकियों समेत 9 के खिलाफ चार्जशीट दायर की

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** एनआईए ने प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थक संगठनों बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) से जुड़े तीन आतंकवादियों और छह अन्य के खिलाफ रविवार को चार्जशीट दाखिल की है।

एजेंसी ने चार्जशीट में भारत में आतंकी गतिविधियों के लिए भर्ती और संचालन में शामिल तीनों आतंकियों के अंतरराष्ट्रीय संबंधों का खुलासा किया है। अधिकारियों ने बताया कि

### आतंकियों के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को हुआ खुलासा

आतंकी हरविंदर सिंह संधू और लखबीर सिंह संधू बीकेआई से जुड़े हैं, वहीं अर्शदीप सिंह केटीएफ से जुड़ा है। एनआईए के अनुसार, तीनों व्यक्ति विदेश में स्थित हैं और उन्होंने भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अपने गुर्गों का अपना नेटवर्क स्थापित किया है। उनके पाकिस्तान और अन्य देशों में ड्रग तस्करों और खालिस्तान समर्थक गुर्गों के साथ संबंध हैं। दिल्ली में एक विशेष कोर्ट के समक्ष दाखिल आरोपपत्र में बीकेआई और केटीएफ के लिए काम करने वाले छह अन्य सहयोगियों का भी नाम शामिल किया गया है। जिसमें दोनों संगठनों के लिए धन जुटाने की एक जटिल व्यवस्था को भी रेखांकित किया गया है। एनआईए बीकेआई और केटीएफ से जुड़े 16 अन्य फरार और गिरफ्तार आरोपियों के संबंधों की भी जांच कर रही है।

## एयर इंडिया फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)।** दुबई जाने वाली एयर इंडिया की एक फ्लाइट की तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर रविवार को इमरजेंसी लैंडिंग हुई। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि विमान में एयर कंडीशनिंग में समस्या के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। एयर इंडिया ने कहा कि विमान में सवार यात्री सुरक्षित हैं।

## सामुदायिक रेडियो ने दूरदराज के क्षेत्रों में बनाई मीडिया की पहुंच : ठाकुर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने सामुदायिक रेडियो को संसाधन एवं वित्तीय सहयोग के बिना राष्ट्रसेवा का एक अनुकरणीय उदाहरण बताते हुए रविवार को कहा कि इस माध्यम ने ऐसे दुर्गम एवं सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा एवं जागरूकता का प्रसार करने और समस्याओं का समाधान खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है जो मीडिया की मुख्यधारा से अछूते हैं।



श्री ठाकुर ने रविवार को राष्ट्रीय प्रसारण दिवस के अवसर पर यहां भारतीय जनसंचार संस्थान में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन (उत्तर) के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 8वें और 9वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि सामुदायिक रेडियो स्टेशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन भागीदारी से जन आंदोलन के विज़न को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये स्टेशन आकाशवाणी के प्रयासों में सहायता प्रदान करते हैं और इन्होंने आपदाओं के दौरान अपने श्रोताओं को जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं।

### Filmiतड़का



## कालकूट में एसिड अटैक सर्वाइवर के मेकअप में खुद को देखकर भावुक हुई श्वेता त्रिपाठी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि वह कालकूट के लिये एसिड अटैक सर्वाइवर के मेकअप में खुद को देखकर भावुक हो गई। श्वेता त्रिपाठी ने फिल्म कालकूट में एसिड अटैक सर्वाइवर की भूमिका निभायी है। श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि कालकूट के लिए पहली बार एसिड अटैक का मेकअप करवाते समय वह भावुक हो गई और उनकी आंखों में आंसू आ गये। श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि मैंने एक एसिड अटैक सर्वाइवर की भूमिका निभाई है। मेकअप टेस्ट के दौरान, खुद को सर्वाइवर के रूप में देखकर मैं उनके दर्द को दिल से महसूस कर पाई। भावनाएं मुझ पर हावी हो गईं, और आंसू खुलकर बहने लगे। मैं पूरी टीम के अटूट धैर्य, समर्थन और मुझ पर विश्वास के लिए उनकी दिल से सराहना करना चाहूंगी। यह आपका समर्पण और मेरी क्षमताओं में विश्वास है जिसने मुझे इस किरदार की गहराई में जानने और उनकी कहानी को जीवंत करने का मौका दिया।

## लॉन्ग ड्राइव पर एक साथ दिखे आदित्य और अनन्या, फिर छिड़ी प्यार की चर्चा



**मुंबई।** इस समय बी टाउन में सिर्फ एक ही कपल की चर्चा हो जोरों पर है। आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे के अफेयर की खबरें खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। हाल ही में दोनों वेकेशन से मुंबई वापिस लौटे हैं। दोनों के वेकेशन की रोमांटिक तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी। वहीं, अब एक बार फिर आदित्य और अनन्या एक साथ लॉन्ग ड्राइव पर दिखाई दिए हैं। वायरल हो रही इन तस्वीरों में आदित्य और अनन्या दोनों एक गाड़ी में बैठे नजर आ रहे हैं।

# जागृत युवा लायेंगे समाज में बड़ा बदलाव, जेसीज का प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्कर्ष संपन्न

प्रखर वाराणसी। काशी जेसीज चैरिटेबल ट्रस्ट, जेसीआई काशी व ज्ञान प्रवाह द्वारा युवाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम " उत्कर्ष 2023" का आयोजन सामने घाट स्थित ज्ञान प्रवाह सभागार में किया गया. व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था जेसीआई द्वारा 25 से 40 वर्ष के उम्र के युवा व्यवसायियों व उद्यमिता से जुड़े प्रतिभगियों हेतु "व्यवसायिक प्रगति" को समर्पित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समाज व राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए अपने व्यवसाय को शिखर की ओर ले जाने से सम्बंधित प्रशिक्षण विस्तार से दिया गया.




छः घंटे की इस गहन कार्यशाला में ऑडियो विजुअल माध्यम से कोटा राजस्थान से आये जेसीज के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक सीए प्रीतम गोस्वामी ने बताया कि जागृत युवा ही समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं. जहाँ एक ओर अनुभवी लोगों की जिम्मेदारी है कि वे युवाओं का सही मार्गदर्शन करें, वहीं युवाओं को अपने लक्ष्यों में राष्ट्र व समाज को प्राथमिकताओं को समाहित करना होगा. लोक कल्याण के लक्ष्य के बिना बड़ा परिवर्तन और व्यापक प्रभाव संभव नहीं है

प्रीतम गोस्वामी ने आगे कहा कि सही फोकस रखते हुए स्वयं को अपने लक्ष्यों के लिए झोंक देना सफलता की पहली सीढ़ी है. हर व्यक्ति के अंदर एक पॉवर हाउस है और हमें उसका पूरा उपयोग करना आना चाहिए. इस अवसर पर ज्ञान प्रवाह ट्रस्टी डॉ युगल किशोर मिश्रा ने कहा कि युवा ऊर्जा का अनंत भण्डार है और इसका सही उपयोग किया जाना जरुरी है. ईश्वर में आस्था का जीवन में ओत प्रोत होना हमें शक्ति प्रदान करता है और यह हमें आगे बढ़ने की सदविचार वाली राह दिखाती है. मानव ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है और हमें इसी के अनुरूप प्रदर्शन करना होगा. हनुमान को आशीर्वाद देते हुए भगवती सीता द्वारा बताए गए चार मंत्रो धैर्य, दृष्टि, बुद्धि और दक्षता को प्रबंधन और सफलता के लिए अन्यन्त आवश्यक बताया.

प्रशिक्षक अनिल के जाजोदिया ने उत्कर्ष को परिभाषित करते हुए सामान्य और विशिष्ट के अंतर पर प्रकाश डाला और बताया कि जीवन बिताने और जीवन जीने में बड़ा अंतर होता है. अनेक व्यक्तियों की जीवन यात्रा और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कोशिश करने वालों के लिए प्रेरणा और संसाधनों की कोई कमी नहीं होती. प्रारंभ में गंगा कलश पूजन से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया. कार्यक्रम के मार्गदर्शक जयप्रकाश मूंदड़ा व डॉ नीरज पाण्डेय ने विशिष्ट व्यक्तियों का परिचय व सम्मान कराया. काशी जेसीज चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित लड्ढा, सचिव अनिल रस्तोगी और कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र रस्तोगी ने ट्रस्ट की गतिविधियों और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की. इस अवसर पर पदमश्री से सम्मानित श्रीमती विमला पोद्दार का अभिनन्दन कर उनसे आशीर्वाद लिया गया. स्वागत भाषण जेसीआई काशी के अध्यक्ष अंकित खन्ना ने दिया. कार्यक्रम का संचालन राजेश सोनी, धन्यवाद प्रकाश अभय केडिया एवं संयोजन जयकिशन खत्री द्वारा किया गया. उत्कर्ष आयोजन के सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गए. विशेष प्रदर्शन हेतु हरहड़गद्धड़हहह को उत्कृष्ट प्रतिभागन पुरस्कार प्रदान किये गए. कार्यकम के दौरान पंकज अग्रवाल, डॉ विपुल शंकर पंड्या, प्रदीप जाजोदिया, चेतन रौनियार, मनीष अग्रवाल, ध्रुव रस्तोगी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# स्टेशनरी पाकर खुश हुए छात्र व छात्राएं

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय वार में सोमवार को विस्तारा एयरलाइंस की ओर से छात्र छात्राओं को कॉपी के साथ स्टेशनरी वितरित किया गया। विस्तारा एयर लाइंस की मैनेजर निहारिका द्वारा सभी छात्र छात्राओं को एजुकेशनाल किट, ज्योमेट्रिबॉक्स, कलर पैकेट ,नोटबुक तथा आर्टबुक तथा फ्रूटजूस वितरित किया गया। बच्चे स्टेशनरी व स्नेक्स पाकर खुश नजर आए। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक संजय कुमार शर्मा व संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक विजेंद्र नारायण सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विस्तारा एयरलाइंस के स्टेशन इंजीनियर पंकज कुमार, रोशन सिंह, हर्षित, प्रेम सागर पटेल, रमाशंकर गुप्ता, श्रीमती प्रीति, श्रीमती नीतू एवं विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रही।




# माथुर वैश्य समाज द्वारा 150 यूनिट रक्तदान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के अन्तर्गत माथुर वैश्य शाखा सभा वाराणसी के द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन रथयात्रा स्थित कन्हैया लाल गुप्ता (मोतीवाला) स्मृति भवन में किया गया इसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि महासभा महामंत्री सुनील गुप्ता ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया `रक्तदान के लिये शिव प्रसाद गुप्ता अस्पताल की डॉक्टर टीम उपस्थित रही इस शिविर में समाज अन्य जागरुक रक्तदाताओं ने लगभग 150 यूनिट रक्तदान किया गया ` रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते के लिये कम्पनी का हेमलेट एक कॉफी मग और रिफ्रेस्टमेन्ट के लिये फल जूस व कॉफी दिया गया` कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिये रेडियो सिटी कार्यक्रम में शब्द एफएम का सहयोग रहा` उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय निर्वाचन मण्डल मंत्री विवेक सोनी,राष्ट्रीय सह मंत्री दिलीप गुप्ता ,राष्ट्रीय शिक्षा संयोजक दिलीप गुप्ता, अनिल गुप्ता (बबलू ), अनिल गुप्ता (शिवपुर) ,अजीत गुप्ता, विजय गुप्ता , शिविर प्रभारी, राजकुमार गुप्ता, शिविर संयोजक सन्तोष गुप्ता, सह संयोजक शालिनी गुप्ता,सह प्रभारी कुलदीप गुप्ता, सह प्रभारी उमेश गुप्ता ,गौरव गुप्ता, सुमित गुप्ता, सागर गुप्ता, सरिता गुप्ता मोनिका गुप्ता, रेखा गुप्ता, किरन गुप्ता ,संजय गुप्ता, अजय गुप्ता,जितेन्द्र गुप्ता,आलोक गुप्ता ,मुकेश गुप्ता ,मनोज गुप्ता लोग उपस्थित रहे` सभी आये लोगों का धन्यवाद शिविर सह संयोजक मयंक सोनी ने किया।



# किसानों के लिए मुसीबत बनें छुट्टा पशु



प्रखर शाहगंज जौनपुर। छुट्टा पशु किसानों के लिए मुसीबत बने हुए हैं,किसानों की फसल बर्बाद कर दे रहे हैं दर्जनों की संख्या में एक साथ चलने वाले छुट्टा पशु किसानों के लिए अभिशाप साबित हो रहे हैं। छुट्टा पशुओं को लेकर प्रदेश की योगी सरकार चाहे जितने दावे कर रही हो परन्तु शाहगंज क्षेत्र में इन दावों की कलई खुलती हुई नजर आ रही है किसान रात में जाग कर खेत की रखवाली कर है हैं।बताते चलें कि छुट्टा पशुओं की वजह से धान,मक्का इत्यादि फसलें बुरी तरह प्रभावित हो रही है जिससे किसान परेशान हैं उधर प्रशासन भी इनको लेकर कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रहा है ऐसे में किसानों को भारी चपत लगना तय माना जा रहा है। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँव पोरई कलां के किसान गिरीश कुमार मिश्र ने बताया कि रात में जाग कर रखवाली करना पड़ रहा है छुट्टा पशुओं के वजह से मक्का इत्यादि की खेती बन्द कर दिया हूँ अब धान भी नहीं बच पा रहा है। यहीं के एक अन्य किसान ने कहा पहले तो सिर्फ सांड और नीलगाय की वजह से फसल बर्बाद हो रहा था अब तो लोग गाय को भी छोड़ना शुरू कर दिए हैं।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी का पुलिस ने नहीं लगाया सुराग

प्रखर खेतासराय जौनपुर। शनिवार को थाना क्षेत्र के जमदहा गांव स्तिथ मानीमोड़ के समीप घर के बाहर खड़ी गायब बाइक का पुलिस सुराग नही लगा रही है । पुलिस की एक्शन की बात तो दूर चोरी की प्राथमिकी दर्ज करने में भी कतरा रही । पीड़ित अब थाने का चक्कर लगा रहा है । दअसल उक्त गांव निवासी शहनवाज शनिवार की शाम लगभग चार बजे घर के बाहर स्प्लेंडर प्लस खड़ी कर अंदर गया । आरोप है कि थोड़ी देर बाद वह बाहर आया तो गाड़ी गायब मिली । काफी खोजबीन की लेकिन कही सुराग पता नही चला । घटना की सूचना पुलिस को मौखिक और तहरीर देकर की लेकिन पुलिस ने कोई ऐक्शन लेना उचित नही समझा । अब पीड़ित प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाने का चक्कर लगा रहा । इस बाबत एसएचओ राजेश कुमार ने बताया कि वाहन स्वामी की तहरीर मिली है, जाँच कर का कार्रवाई की जाएगी ।

# 3 दिवसीय संभागीय खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न

प्रखर वाराणसी। तीन दिवसीय 52 वें संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता दिनाँक 22 से 24 जुलाई 2023 तक का आज समापन हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन, वाराणसी संभाग के उपायुक्त माननीय डॉ० अजय कुमार मिश्र का एन सी सी कैडेट्स के द्वारा स्वागत किया गया। प्राचार्य श्री बैरिस्टर पाण्डेय एवं स्टाफ के अन्य शिक्षकों द्वारा उपायुक्त महोदय को पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। आज अंतिम दिन कबड्डी का फाइनल मैच के.वि. चेरो सलेमपुर और के. वि. आजमगढ़ के बीच हुआ जिसमें चेरो सलेमपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूर्व की भाँति गोल्ड मैडल पर अपना कब्जा जमाया। दूसरी ओर खो-खो का फाइनल मैच के.वि. आई टी आई मनकापुर और के.वि. गोंडा के बीच हुआ जिसमें गोंडा की टीम कड़े मुकाबिले में जीत हासिल कर प्रथम स्थान पर रही और गोल्ड मैडल प्राप्त किया। इस अवसर पर माननीय उपायुक्त महोदय एवं प्राचार्य जी द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। वाराणसी संभाग के विभिन्न विद्यालयों की सभी टीमों के अनुरक्षक एवं प्रतिभागियों ने अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान अच्छे सहयोग और अनुशासन का परिचय दिया। विद्यार्थियों की खेल भावना उत्कृष्ट रही। सर्वश्री एम हसन प्रधानाध्यापक, हरिशंकर यादव, मनिंदर सिंह, पंकज कुमार शर्मा, इमरान अंसारी, राजबली सिंह, के.एन.तिवारी, राम व्यास कुरील, भारत जी शुक्ल, हरेंद्र नाथ त्रिपाठी,उपेंद्र प्रताप तिवारी,शुभम पुंडीर आदि ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया।




# 5 करोड़ से अधिक वार्षिक विक्री पर ई इनवॉइस जरुरी : राजेश कुमार सिंह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लघु उद्योग भारती काशी प्रांत द्वारा उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम सिगरा स्थित होटल आयोजित किया गया जिसमे अकाउंट संबंधी सॉफ्टवेयर टैली की नई विशेषताओं पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी तथा प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश सिंह सयुक्त आयुक्त उद्योग वाराणसी मंडल थे उन्होंने ने कहा की उद्यमी नई तकनीक का प्रयोग करे अब सभी उद्यमी, व्यापारियों को नई तकनीक के उपयोग से आगे बढ़ना होगा अन्यथा वह प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाएंगे ` विशिष्ठ अतिथि राजेश चौधरी सहायक निदेशक एमएसएमई ने बताया कि विभाग की कई नई योजनाएं उद्यमियों, व्यापारियों के लिए लाभप्रद है आर एस एस के प्रचारक दीनदयाल पांडेय ने बताया कि देश को विश्व गुरु बनाने के लिए उद्योगो को आगे आना होगा इस संदर्भ में लघु उद्योग भारती संगठन कार्य कर रही है` दीनानाथ बरनवाल प्रदेश उपाध्यक्ष ने संगठन के विस्तार तथा संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे मे जानकारी प्रदान की` राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष लघु उद्योग भारती काशी प्रांत ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि 5 करोड़ वार्षिक की बिक्री पर ई एनवॉइस का ही उपयोग करना होगा जिसके लिए आज उद्यमियो जागरूक किया गया है संगठन के 25 नए उद्यमियों को सदस्यता प्रमाणपत्र वितरित किया गया वाराणसी, भदोही,मिजार्पुर, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर के लगभग 90 सदस्यो ने भाग लिया कार्यक्रम मे राजेश चौधरी, वी के राना, रितेश बरनवाल असिस्टेंट डायरेक्टर एमएसएमई हिमांशु शेखर कस्टोडियन एमएसएमई सैमसंग तथा दिनेश गुप्ता, भारत भूषण गुप्ता,ज्योति शंकर मिश्रा, सर्वेश श्रीवास्तव, गुलशन मौर्या, राकेश कांत राय (अध्यक्ष चंदौली) शैलेश सिंह, गुलजारी लाल गुप्ता, सहित अन्य उद्यमियों ने चर्चा में भाग लिया।




# घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

प्रखर गोसाई की बाजार /आजमगढ़। सरकार द्वारा छुट्टा पशुओं के लिए क्षेत्र में रखने के लिए गौशाला की व्यवस्था की गई फिर भी छुट्टा पशु इधर-उधर घूमते नजर आएंगे जो किसानों की फसलो को बर्बाद तो कर ही रहे हैं वही आए दिन सड़कों पर किसी वााहन से टकराते रहते हैं जो इंसान की मौत का कारण भी बन जाते हैं।ऐसे ही नजारा आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर देखने को मिला जहाँ पर छुट्टा पशु के टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गोसाई की बाजार निवासी राजेश गुप्ता 48 वर्ष पुत्र बैजनाथ गुप्ता की गोसाई की बाजार में ही जनरल स्टोर की दुकान है राजेश गुप्ता 22 जुलाई की रात्रि लगभग 8:00 बजे बाइक से अपनी दुकान की खरीदारी हेतु लालगंज जा रहा था कि लखमीपुर ( नंदी भौजी ) के पास मुख्य मार्ग पर अचानक छुट्टा पशु आ गया जिससे राजेश गुप्ता छुट्टा पशुओं से टकराते हुए बाइक लेकर गिर पड़ा उसके सिर में गंभीर चोट आ गई । घटना की सूचना पाते ही चौकी इंचार्ज गोसाई की बाजार राकेश त्रिपाठी घटनास्थल पर पहुंचे ,घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाए जहाँ पर राजेश गुप्ता की हालत गम्भीर देखकर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया और वारणसी में इलाज के दौरान 24 जुलाई की रात्रि 1:30 बजे राजेश की मौत हो गई ।परिवार वाले शव लेकर घर पहुंचे घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी अनीता देवी और बच्चों का करुण क्रंदन देखकर हर किसी की आंखें नम हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया मृतक राजेश गुप्ता के एक पुत्र और तीन पुत्रियों हैं ।



## संक्षिप्त खबरें

### आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन का राष्ट्रीय अधिवेशन 26को दिल्ली में : राष्ट्रीय सचिव



प्रखर मिजार्पुर। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में दिनांक 26-7-2023 को राष्ट्रीय महासचिव विशम्भर बासु जी के नेतृत्व में होने जा रहा है। इसमें देश 3000सदस्य राशन डीलर भाग लेंगे।इस अधिवेशन में देश अधिकांश लोकसभा राज्यसभा सदस्य को आमंत्रित किया गया है हर प्रदेश से इसकी जानकारी मिजार्पुर राशन डीलरो के कार्यक्रम मे राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी गिरीश तिवारी ने दिया।

### महिलाओं पर हो रहा अत्याचार को लेकर जिला महानगर महिला सभा ने निकाला कैंडल मार्च



प्रखर दानगंज वाराणसी। रोहानियां विधानसभा में मणिपुर महिलाओं के साथ हुए अत्याचार को लेकर जिला महानगर महिला सभा वाराणसी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें जिला अध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ और मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा उत्तर प्रदेश आदरणीय रीबू श्रीवास्तव जी उपस्थित रही मणिपुर महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव जी ने कहा मणिपुर के मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए वहां राष्ट्रपति शासन लागू होना चाहिए दोषियों को फांसी की सजा हो और महिलाओं के साथ इंसाफ हो जिसमें निम्नलिखित महिलाएं शामिल रहे जिला अध्यक्ष शशि यादव जी महानगर अध्यक्ष आरती यादव जी आरती कुशवाहा पूजा सेठ प्रतिमा शुक्ला रूबी अर्शी माया देवी आदि लोग शामिल थे।

### शिक्षा का प्रसार जरूरी : प्रो0 सीमा त्रिपाठी



प्रखर कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान की अध्यक्ष प्रो0 सीमा त्रिपाठी के जन्मदिन के अवसर पर संस्थान द्वारा सोमवार को नपाप कुशीनगर के वार्ड नं. 23 माधवपुरम स्थित संविलियन विद्यालय मंगुरही में बच्चों को शिक्षण सामग्री जैसे कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर सहित गीता प्रेस की प्रेरक किताबें भेंट किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो0 सीमा त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होता है। इसलिए शिक्षा का प्रसार जरूरी है और नयी दिशा द्वारा यथा सम्भव बच्चों को शिक्षण सामग्री, उनके शुल्क इत्यादि का प्रबंध किया जा रहा। बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य प्रो0 अमृतांशु शुक्ल ने बच्चों से शिक्षण सामग्री का समुचित उपयोग करते हुए मन लगाकर पढ़ने की बात कही। कार्यक्रम को बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के प्रो0 राम भूषण मिश्र, डॉ0 सत्यप्रकाश, डॉ0 राघवेंद्र मिश्र ने भी संबोधित किया। संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र एवं आगंतुकों का स्वागत व आभार प्रधानाध्यापक बदरुज्जमा सिद्दीकी ने किया। इस अवसर पर आकाश शर्मा, अश्वनी शुक्ल, अमर प्रकाश पांडेय, कृष्णमोहन, शिप्रा द्विवेदी, सुधीर राय, अमित राय, विजयलक्ष्मी शुक्ला, पूनम शुक्ला, ताहिरा खातून, निर्मला देवी, गीता देवी, चंपा देवी इत्यादि उपस्थित रहे।

### आदित्य मिश्रा ,अदिति मिश्रा व आदेश मिश्रा ने फलाहार का वितरण किया




प्रखर वाराणसी। एक वर्ष अपने गुल्लक के जमा पैसे को आदित्य मिश्रा , अदिति मिश्रा , आदेश मिश्रा ने होटल आदेश पैलेस के पास लगातार तीसरे सोमवार को फलाहार का वितरण किया । इस पुनीत कार्य को स्थानीय लोगों ने सराहा और प्रसाद वितरण में सहभागी बने । बताते चले की लक्ष्मी कांत मिश्रा उर्फ किसमिस गुरु के तीनो बच्चे पूरे वर्ष अपने गुल्लक में जो रूपया जमा करते हैं उसका उपयोग बिना किसी से आर्थिक सहयोग लिए कांवरियों को प्रसाद वितरण में लगाते हैं । प्रसाद वितरण में प्रमुख रूप से झ्र किसमिस गुरु , वरुण सिंह , राहुल यादव , अमरीश जायसवाल , डब्लू चौबे , गोपाल यादव , बबलू तिवारी , बोदे यादव , कमल तिवारी , मुजीब भाई , बल्ली गुप्ता , गोविंद यादव , बसंत गुप्ता मौजूद रहे ।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं